UPHIN/2011/39718

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार

संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

न्यूज यंग भारत निष्पक्ष नजर, निर्भीक खबर
यंग भारत
वेब न्यूज

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्वतिक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-124 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) गुरूवार 16 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-02 रूपये

समाज कल्याण हेल्पलाइन 14566 बनी सहारा, एक साल में 100% शिकायतों का हुआ निस्तारण

संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

(यंग भारत न्यूज)

लखनऊ: उत्तर प्रदेश में योगी सरकार शासन को अधिक संवेदनशील और जवाबदेह बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी पहल के तहत समाज कल्याण विभाग की 14566 हेल्पलाइन पीड़ितों के लिए एक सशक्त माध्यम साबित हो रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'न्याय सबको' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए, इस हेल्पलाइन ने अत्याचार और उत्पीड़न के खिलाफ प्रभावी मोर्चा संभाला है।

ताजा आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 553 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनका विभाग ने रिकॉर्ड समय में शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया है। यह हेल्पलाइन न केवल पीड़ितों को त्वरित राहत दे रही है, बल्कि प्रदेश में पारदर्शी और जिम्मेदार प्रशासन की पहचान भी बन गई है। समाज कल्याण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच हेल्पलाइन पर कुल 628 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से 75 शिकायतें दोबारा (duplicate) दर्ज पाई गईं, जिन्हें छंटनी के बाद हटा दिया गया।

सर्वाधिक शिकायतें

इसमें सर्वाधिक शिकायतें सितंबर (80) और अक्टूबर (79) में दर्ज की गईं। जून-जुलाई में 65-65, जबकि अगस्त में 57 मामले सामने आए। अन्य महीने अप्रैल (45), मई (37), नवंबर (40), दिसंबर (35), जनवरी (37), फरवरी (48) और मार्च में (40) शिकायतें मिलीं।विभाग ने इन सभी वैध मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराई।

अधिकारियों ने क्या बताया?

समाज कल्याण विभाग ने इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और तकनीक को प्राथमिकता दी है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली को बेहद चुस्त बनाया गया है। कॉल आते ही शिकायत को तत्काल ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर संबंधित जिले और विभाग को भेज दिया जाता है। शिकायत की एक प्रति मुख्यालय के अधिकारियों को भी भेजी जाती है, ताकि हर स्तर पर जवाबदेही तय हो सके। इसके अलावा कार्रवाई के बाद विभाग सीधे पीड़ितों से संपर्क कर फीडबैक लेता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें वास्तविक और संतोषजनक न्याय मिला है।

ये है अपील

विभाग के अधिकारी ने अपील करते हुए कहा है कि प्रदेश के किसी भी जिले में यदि किसी व्यक्ति के साथ अत्याचार या उत्पीड़न की घटना होती है, तो वह बिना किसी झिझक के 14566 नंबर हेल्पलाइन पर संपर्क कर सकता है।

75 साल के ससुर के साथ रिश्ता बनाने के पैसे लेती थी बहू, मगर रंगीन मिजाजी कुछ इस तरह पड़ गयी भारी

(यंग भारत न्यूज)

गुजरात में सामने आया यह मामला समय के साथ एक ऐसे जघन्य हत्याकांड के रूप में दर्ज हो गया, जिसे रिश्तों की मर्यादा तोड़ने वाले अपराधों की सबसे भयावह मिसाल माना जाता है। यह कहानी है एक 75 वर्षीय बुजुर्ग और उसकी ही बहू के बीच पनपे अवैध रिश्ते की, जिसका अंत खून और हैवानियत पर हुआ।

मृतक की पहचान जगदीश शर्मा के रूप में हुई थी। उम्र के इस पड़ाव पर भी वह कथित तौर पर रंगीनमिजाज था। जांच में सामने आया कि उसका अपनी ही बहू मनीषा शर्मा के साथ अवैध संबंध था। यह रिश्ता सिर्फ शारीरिक नहीं, बल्कि पैसों के लेन-देन पर टिका हुआ था। बहू ससुर के साथ संबंध बनाने के बदले उससे पैसे लिया करती थी। समय बीतने के साथ कहानी में एक नया मोड़ आया। बताया जाता है कि मनीषा की सोशल मीडिया के जरिए एक अन्य व्यक्ति से पहचान हो गई, जिसने उसे विदेश ले जाने के सपने दिखाए। ये खबर आप हिमाचल से में पढ़ रहे हैं। इस सपने को पूरा करने के लिए उसे पैसों की जरूरत थी। उसने ससुर से 2 लाख रुपये की मांग रख दी। यहीं से रिश्ते में दरार पड़ गई। ससुर ने पैसे देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि उसने न सिर्फ मना किया, बल्कि बहू को अपमानित भी किया और उसके विदेश जाने के इरादे पर रोक लगाने लगा। यह बात मनीषा को नागवार गुजरी। लालच, गुस्सा और नाकाम होती ख्वाहिशों ने उसके भीतर खतरनाक रूप ले लिया। जिस दिन वारदात हुई, उस दिन ससुर और बहू घर के अंदर एक निजी कमरे में थे। जांच के अनुसार, उसी दौरान बहू ने पहले बुजुर्ग के प्राइवेट पार्ट पर चाकू से हमला किया, फिर उसके सिर पर किसी कठोर वस्तु से कई वार किए। गंभीर चोटों के कारण मौके पर ही बुजुर्ग की मौत हो गई। हत्या के बाद शव उसी कमरे में पड़ा रहा। जब तीन दिन तक जगदीश शर्मा नजर नहीं आए, तो परिवार को चिंता हुई। तलाश शुरू हुई और मामला पुलिस तक पहुंचा। घर की तलाशी के दौरान बुजुर्ग का शव नग्न और क्षत-विक्षत हालत में मिला, जिसने पूरे परिवार को हिला कर रख दिया। शुरुआती जांच में मृतक के बेटे ने अपने छोटे भाई की पत्नी मनीषा पर शक जताया। पुलिस ने जब उसे हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने पूरे घटनाक्रम को स्वीकार करते हुए पैसों, अवैध संबंधों और विदेश जाने की योजना की बात बताई। फोरेंसिक रिपोर्ट ने भी हत्या की पुष्टि कर दी। रिपोर्ट में सिर और प्राइवेट पार्ट पर गंभीर चोटों को मौत की वजह बताया गया। इसके बाद बहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। यह मामला आज भी उन हिस्ट्री क्राइम केसों में शामिल है, जो यह दिखाता है कि जब रिश्तों में लालच और वासना हावी हो जाती है, तो इंसान किस हद तक गिर सकता है।

सुर्खियां.....

सम्राट चौधरी बिहार के 24वें मुख्यमंत्री बने : शपथ के बाद नीतीश के पैर छुए; जेडीयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव डिप्टी सीएम



पटना। सम्राट चौधरी बिहार 24वें मुख्यमंत्री बन गए हैं। उन्होंने ईश्वर के नाम पर शपथ ली। राज्यपाल सैयद अता हसनैन ने लोकभवन में सुबह 11 बजे उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। बिहार की नई सरकार में जदयू से विजय चौधरी और बिजेंद्र यादव ने भी शपथ ली। दोनों को डिप्टी सीएम बनाया गया है। नीतीश कुमार इस कार्यक्रम में मौजूद थे। बिहार में अभी मंत्रिमंडल का ऐलान नहीं किया गया है।

मुख्यमंत्री के पिता शकुनी चौधरी ने कहा, 'कभी-कभी ईश्वर की कृपा होती है। हमने कई पार्टियों के लिए पूरी लड़ाई लड़ी, लेकिन सफलता नहीं मिली। आज अमित शाह, नरेंद्र मोदी और नीतीश की कृपा से सम्राट आगे बढ़ गया। मेहनत रंग लाती है जो मेहनत करेगा वही आगे बढ़ेगा। सम्राट चौधरी ने सुबह पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूजा की थी। शपथ से पहले ही उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। सरकार में बदलाव सोमवार को नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के बाद हुआ। वे अब राज्यसभा सदस्य हैं। वे 20 साल बिहार के सीएम रहे। सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण पर मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा, 'नई सरकार का गठन हो गया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और नए उपमुख्यमंत्री को भी शुभकामना और बधाई है। बिहार में जिस प्रकार से पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में काम होता आया है, बिहार के लिए जो उन्होंने लक्ष्य तय किया था, निश्चित तौर पर सरकार और अधिक ऊर्जा के साथ उस लक्ष्य की प्राप्ति करेगी। भाजपा नेता मनन कुमार मिश्रा ने सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण पर कहा, 'बिहार के लिए बहुत खुशी की बात है कि पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री मिला है और सम्राट चौधरी एक अनुभवी, व्यवहार कुशल और बहुत अच्छे व्यक्ति हैं। उन्हें सरकार चलाने का लंबा अनुभव है। सम्राट चौधरी ने कल अपने बयान में कहा भी कि उन्होंने नीतीश कुमार से प्रशासन चलाने का तरीका सीखा है और उन्हीं के कदमों पर चलेंगे। बिहार का विकास होगा, अमन-चैन-शांति रहेगी। भाजपा की डबल इंजन की सरकार बहुत अच्छा काम करेगी।

छत्तीसगढ़ पावर प्लांट हादसा- अब तक 17 की मौत

सक्ती। छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट हादसे में अब तक 17 मौतें हो चुकी हैं। 4 की मौके पर ही जान गई, जबकि 6 की मौत रायगढ़ मेडिकल कॉलेज, 5 की जिला अस्पताल रायगढ़ और 2 की रायपुर के कालड़ा अस्पताल में इलाज के दौरान हुई। प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया था। मृतकों में 4 छत्तीसगढ़ से हैं, जबकि बाकी 13 यूपी, बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल से हैं। हादसे में कुल 36 लोग झुलसे हैं, 18 घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज जारी है। हादसे के बाद प्लांट के बाहर मजदूरों के परिजन ने हंगामा किया। उन्होंने प्रबंधन पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग की। कुछ मजदूर लापता हैं। परिजन का कहना है कि प्रबंधन कोई जानकारी नहीं दे रहा है। वहीं कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं। वेदांता प्रबंधन ने मृतक परिजन को 35-35 लाख रुपए सहायता राशि और नौकरी देने का ऐलान किया है। घायलों को 15-15 लाख रुपए दिए जाएंगे। इससे पहले पीएमओ ने मुआवजे की घोषणा की थी। पीयूएनआरएफ से हर मृतकों के परिवार वालों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही मृतकों के परिवार वालों को 5-5 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए देने का ऐलान किया। प्लांट हादसे में घायल 10 लोगों का इलाज रायगढ़ के जिंदल अस्पताल में चल रहा है। सभी 15% से लेकर 95-100% तक झुलसे हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। इनमें मनीष गिरी, कार्तिक महतो, बृजेश कुमार, केशव चंद्रा, भुवनेश्वर चंद्रा, अभिषेक चंद्रा, नदीम अंसारी, मिलन वारे, संदीप और शिवनाथ मुर्मू शामिल हैं। इसके अलावा, बालाजी मेट्रो हॉस्पिटल रायगढ़ में बनवारी लाल, उपेंद्र और परदेशी लाल चंद्रा का इलाज जारी है।

मंच पर 'सम्मान' और मन में 'गुमान'

दादरी रैली के बाद श्रेय की होड़ में उलझी सपा, अंदरूनी मतभेद खुले

(यंग भारत न्यूज)

ग्रेटर नोएडा। प्रदेश में ग्रेटर नोएडा के दादरी में हाल ही में आयोजित समाजवादी पार्टी की 'समाजवादी भाईचारा रैली' को भले ही भीड़ और राजनीतिक ताकत के लिहाज से सफल माना जा रहा हो, लेकिन इसके बाद पार्टी के भीतर श्रेय और योगदान को लेकर अंदरूनी टकराव खुलकर सामने आ गया है। रैली के बाद शुरू हुई यह खींचतान अब संगठनात्मक एकता पर सवाल खड़े कर रही है

श्रेय की होड़ में उलझा संगठन

रैली की सफलता के बाद समाजवादी पार्टी के भीतर यह बहस तेज हो गई है कि वास्तव में किसने अधिक योगदान दिया, किसने भीड़ जुटाई, किसने मंच संभाला और किसकी भूमिका निर्णायक रही। यही मुद्दा अब पार्टी के अलग-अलग गुटों के बीच तनाव का कारण बनता दिख रहा है।

कार्यकर्ता सम्मान समारोह बना विवाद की वजह

इस विवाद के बीच रविवार को ग्रेटर नोएडा के एक होटल में आयोजित 'कार्यकर्ता सम्मान समारोह' और अधिक चर्चा में आ गया। आरोप हैं कि इस कार्यक्रम में कई ऐसे कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया गया जिन्होंने रैली की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

मुख्य संयोजक की अनुपस्थिति से बढ़ी चर्चाएं

समारोह में रैली के मुख्य संयोजक की अनुपस्थिति ने भी विवाद को और हवा दे दी। कई कार्यकर्ताओं का कहना है कि इससे यह संदेश गया कि संगठन के भीतर सब कुछ ठीक नहीं है। सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस देखने को मिल रही है।

सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर

सोशल मीडिया पर पार्टी के कई कार्यकर्ताओं और नेताओं ने खुलकर अपनी नाराजगी जताई। कुछ पोस्टों में इसे 'सच्चे समाजवादियों का अपमान' बताया गया, जबकि कुछ ने संगठन पर फर्जी लोगों को सम्मान देने के आरोप लगाए।

नेताओं की बयानबाजी और एकता का संदेश

विवाद बढ़ने के बाद पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेताओं ने एकता का संदेश देने की कोशिश की। जिलाध्यक्ष के आवास पर हुई मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों में एकजुटता दिखाने का प्रयास किया गया। हालांकि, इससे पहले ही कई कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोल चुके थे, जिससे स्थिति और अधिक संवेदनशील हो गई।

'अपमान और सम्मान' की राजनीति से बढ़ी खींचतान

पार्टी के भीतर एक धड़ा आरोप लगा रहा है कि सच्चे कार्यकर्ताओं को अपमानित किया जा रहा है और कुछ विशेष लोगों को आगे बढ़ाया जा रहा है। वहीं दूसरा पक्ष इसे संगठनात्मक निर्णय और आंतरिक व्यवस्था का हिस्सा बता रहा है।

रेप हो रहा है तो लेटकर मजे लो, लड़कियों में दिमाग नहीं है क्या. क्यों हर बार पीड़िताओं को ही 'गुनहगार' बताते हैं कॉन्ग्रेस नेता?

(यंग भारत न्यूज)

अमरावती कांड में कॉन्ग्रेस की 'टुच्ची' सोच को पूरी तरह उजागर करते कॉन्ग्रेस नेत्री यशोमती चंद्रकांत ठाकुर का पीड़िताओं पर सवाल उठाते बयान सामने आया है। महाराष्ट्र में अमरावती जिले से सामने आया मामला समाज की कई परतों को उजागर करता है। एक तरफ जहाँ मुस्लिम युवक मोहम्मद अयान अहमद तनवीर ने 180 लड़कियों को अपने जाल में फँसाया, उनके साथ 350 से ज्यादा अश्लील वीडियो बनाए और इनमें से 100 वीडियो वायरल भी कर दिए। दूसरी तरफ कॉन्ग्रेस है, जो ऐसे गंभीर मामलों में पीड़िताओं को कठघरे में खड़ा करने से बाज नहीं आती। इस पूरे मामले में कॉन्ग्रेस की 'टुच्ची' सोच को पूरी तरह उजागर करते कॉन्ग्रेस नेत्री यशोमती चंद्रकांत ठाकुर का पीड़िताओं पर सवाल उठाते बयान सामने आया है। उन्होंने उन पीड़िताओं को लेक्चर दिया- 'लड़कियों में अक्ल नहीं है क्या? क्या लड़कियों ने अपनी बुद्धि खो दी है?' दिलचस्प बात यह है कि यशोमती ठाकुर 2019 से 2022 तक कॉन्ग्रेस और शिवसेना के गठबंधन वाली सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री रह चुकी हैं। यानी जिस पद पर रहते हुए यशोमती ठाकुर से महिलाओं को सुरक्षा और सम्मान की आस थी, वही कॉन्ग्रेस नेता आज पीड़ित लड़कियों पर सवाल उठा रही है। सीधी बात है कि ये सिर्फ एक बयान नहीं है, ये कॉन्ग्रेस पार्टी की मानसिकता है। ये वही सोच है जो हर बार रेप, छेड़छाड़ या यौन शोषण के मामलों में अपराधी पर सवाल उठाने के बजाए लड़कियों को ही नसीहत देने लगती है। कभी उनके कपड़ों पर, कभी उनकी समझ पर, कभी उनके फैसलों पर। हर बार राजनीतिक बयानबाजी में निशाना पीड़िता ही बनती हैं। और ये पहली बार नहीं हुआ है। कॉन्ग्रेस के नेताओं का ट्रैक रिकॉर्ड उठाकर देख लीजिए, ऐसे बयान बार-बार सामने आते हैं। कर्नाटक विधानसभा के तत्कालीन स्पीकर केआर रमेश कुमार का वो शर्मनाक बयान कौन भूल सकता है- 'जब रेप होना ही है, तो लेटो और मजे लो।' यही नहीं कॉन्ग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया खुलेआम कहते हैं- 'खूबसूरत लड़की दिख जाए तो दिमाग विचलित हो जाता है।' केरल कॉन्ग्रेस के नेता मुल्लापल्ली रामचंद्रन तो इससे भी आगे निकल जाते हैं और कहते हैं- 'जिस लड़की का रेप हो, उसे आत्महत्या कर लेनी चाहिए।' वहीं अमरगौड़ा पाटिल जैसे नेता तो रेप पीड़िता के परिवार को ही झूठा करार देने लगते हैं। ये कोई एक-दो फिसलती जुबान के उदाहरण नहीं हैं, ये उसी पुरानी, टुच्ची और गैर-जिम्मेदार सोच की झलक है जो अंदर तक बैठी हुई है। और बात यहीं खत्म नहीं होती। जब राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी हाथरस की पीड़िता से मिलने जाते हैं।

बसपा महिला आरक्षण के पक्ष में, पर SC-ST और OBC महिलाओं को.. मायावती ने ये मांग उठाकर चल दिया बड़ा सियासी दांव

(प्रधान सम्पादक)
(यंग भारत न्यूज)

बसपा सुप्रीमो मायावती ने महिला आरक्षण अधिनियम को लेकर बड़ा सियासी दांव चला है. उन्होंने कहा कि वैसे तो बसपा 50 प्रतिशत आरक्षण के पक्ष में है, लेकिन अगर सरकार ने 33 प्रतिशत देने के फैसला लिया है तो पार्टी इसका समर्थन करती है और केंद्र सरकार जल्द से जल्द लागू करने की मांग करती है.

हालांकि, उन्होंने महिला आरक्षण में भी आरक्षण की मांग उठा दी. उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी की महिला आरक्षण में अलग से आरक्षण दी जाए.

विरोधी दलों पर निशाना

मायावती ने इस दौरान विपक्षी दलों पर भी हमला किया. उन्होंने कहा कि कल बाबा साहेब की जयंती थी. इस दौरान कई दलों ने बसपा के नीले रंग का इस्तेमाल कर बहुजन समाज को भ्रमित करना चाह रहे हैं. लेकिन बहुजन समाज पर सिर्फ बसपा के ही नील रंग का प्रभाव रहता है. विरोधी दल को इससे कोई लाभ नहीं मिलेगा.

बसपा सुप्रीमो ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि बसपा पहले से ही महिलाओं को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 50 फीसदी आरक्षण देने की मांग करती रही है. लेकिन अब जब 33 प्रतिशत आरक्षण देने की बात की जा रही है तो पार्टी इसका समर्थन करती हैं, ताकि कुछ तो सुधार हो. उन्होंने केंद्र सरकार से इसे जल्द से जल्द लागू करने की मांग की. मायावती ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि जब वह सत्ता में थी तो महिला आरक्षण को लेकर कुछ नहीं किया. अब जब मौजूदा सरकार इसे लागू करने जा रही है तो उसे रोकने का प्रयास हो रहा है. गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा में सदस्यों की संख्या 850 करने के लिए संसद का तीन दिन का विशेष सत्र बुलाया है. मायावती ने इसी संबंध में बुधवार को लखनऊ स्थित अपने आवास पर प्रेस कांफ्रेंस कर महिला आरक्षण का समर्थन किया.

माकपा माले ने राज्यपाल को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंप,,किसानो की समस्याये उठायी

(यंग भारत न्यूज)

जालौन-उरई । भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी लेनिनवादी) माकपा माले के पदाधिकारियों ने राज्यपाल को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर किसानों को ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने और कर्ज माफ किए जाने की मांग की है। भाकपा माले नगर प्रभारी मुकेश वर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता आशाराम, कांशीराम, रमेश चंद्र, फूल सिहं, शिवबालक, राजीव कुशवाहा, रायसिंह, मुकेश मौर्य ने बुधवार को राज्यपाल को संबोधित छह सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम हेमंत पटेल को सौंपकर राज्यपाल से मांग की है कि ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई के लिए किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए और किसानों का कर्ज माफ किया जाए, बढ़े हुए बिजली के बिल माफ किए जाएं और प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाना बंद कराया जाए। देवनगर चौराहे से फुटकर सब्जी मंडी तक अतिक्रमण के लगने वाले जाम की समस्या का समाधान, नगर पालिका परिषद द्वारा बढ़ाए गए गृहकर को समाप्त किया जाए। इसके अलावा गैस सिलेंडर की कीमत कम की जाए एवं होमडिलीवरी सुनिश्चित की जाए। मोहल्ला फर्दनवीस में कुछ लोगों द्वारा महिला के साथ मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई जाए।

कोंच में भी प्रीपेड मीटरो के खिलाफ हुई बगावत

एसडीएम को प्रार्थनापत्र देकर नाराजगी व्यक्त की

(यंग भारत न्यूज)

कोंच नगर में प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में महिलाओं और स्थानीय लोगों ने तहसील परिसर में एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया। नगर के मुहल्ला जवाहर नगर नरिया सहित आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष तहसील पहुंचे और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शनकारियों का कहना था कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने से आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। महिलाओं ने आरोप लगाया कि पहले से ही महंगाई के कारण घर का बजट संभालना मुश्किल हो रहा है, ऐसे में प्रीपेड मीटर व्यवस्था से उन्हें और परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बिजली का उपयोग जरूरत के हिसाब से होता है, लेकिन प्रीपेड सिस्टम में पहले रिचार्ज कराना पड़ेगा, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को दिक्कतें होंगी। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं ने यह भी कहा कि कई जगहों पर स्मार्ट मीटर में रीडिंग और बिलिंग को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे में बिना जनसहमति के मीटर लगाए जाना उचित नहीं है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि जब तक लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। प्रदर्शन के बाद महिलाओं और स्थानीय लोगों ने उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि नगर सहित पूरे क्षेत्र में लगाए जा रहे प्रीपेड स्मार्ट मीटरो को हटाया जाए और पुरानी व्यवस्था को ही जारी रखा जाए। साथ ही, लोगों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।एसडीएम ज्योति सिंह ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। वही एसडीएम ने विद्युत एसडीओ रविन्द्र कुमार को तत्काल शिकायत की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

अंबेडकर मूर्ती की स्थापना को लेकर सांसद को सौपा ज्ञापन

(यंग भारत न्यूज)

कोंच नगर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित किए जाने की मांग को लेकर स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सांसद नारायण दास अहिरवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से नगर में उपयुक्त स्थान पर बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति प्रदान करने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया गया कि नगर में अब तक डॉ भीमराव अंबेडकर की कोई भी मूर्ति स्थापित नहीं है, जबकि बाबा साहब ने देश के संविधान निर्माण एवं सामाजिक न्याय की स्थापना में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। नगरवासियों का कहना है कि नगर में उनकी प्रतिमा स्थापित होने से युवाओं को प्रेरणा मिलेगी तथा सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलेगा। ज्ञापन में मांग की गई है कि नगर के प्रमुख स्थानों मारकण्डेश्वर तिराहा अथवा उरई-कोंच-एट तिराहा में से किसी एक स्थान पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए। ज्ञापन सौंपते हुए प्रतिनिधियों ने कहा कि नगर के लोगों की लंबे समय से यह मांग रही है और प्रशासन को इस पर जल्द निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री इस मांग पर सकारात्मक निर्णय लेकर नगरवासियों की भावना का सम्मान करेंगे। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि जल्द ही इस मांग पर कार्रवाई नहीं होती है तो आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से मांग को जारी रखा जाएगा।इस दौरान सपा नगर अध्यक्ष अमित यादव सभासद, रवि वर्मा, संजय गौतम, सुंदरम चौधरी, गौरी शंकर, वंसी लाल, हरिमोहन, लखनलाल,रमेश मास्टर खेमचंद्र, गोलू धर्मेंद्र रामप्रसाद अहिरवार, शिवम अहिरवार, वन्दना, लक्ष्मी,सतीश चंद्र सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

अग्निशमन अधिकारियों के द्वारा स्कूलों में अग्निशमन उपकरण का प्रशिक्षण व मॉक ड्रिल करायी गयी

चित्रकला एवं निबन्ध का आयोजन

(यंग भारत न्यूज)

उरई। अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान आज दिनांक 15.04.2025 को मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह के निर्देशन में समस्त अग्निशमन केन्द्रों पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारियों के द्वारा अपने क्षेत्रान्तर्गत स्कूलों में छात्र/छात्राओं व अध्यापक / अध्यापिकाओं को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण दिया व मॉक ड्रिल करायी गयी तथा चित्रकला एवं निबन्ध का आयोजन किया गया। इसी क्रम में मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह की उपस्थिति में पार्थ फाइन्डर इंटरनेशनल स्कूल में निबन्ध / चित्रकला प्रतियोगता आयोजित की गई जिसमें कक्षायें 6, 7 व 8 के बच्चों में प्रतिभाग किया एवं बच्चों को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। अग्निशमन अधिकारी उरई द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज स्टेशन रोड उरई व मॉर्निंग स्टार हाईयर सेकेण्डरी स्कूल करमेर रोड उरई अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण दिया व मॉक ड्रिल करायी गयी, तथा फायर स्टेशन प्रभारी अग्निशमन अधिकारी जालौन के द्वारा एम0एल0बी0 इण्टर कॉलेज, चुर्खीवाल जालौन में अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण दिया व मॉक ड्रिल करायी गयी, फायर स्टेशन प्रभारी अग्निशमन अधिकारी कोंच द्वारा एवेन्जर पब्लिक स्कूल लौना कोंच, में अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण दिया व मॉक ड्रिल करायी, फायर स्टेशन प्रभारी अग्निशमन अधिकारी कालपी के द्वारा फातिमा माता स्कूल कालपी, में अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण दिया व मॉक ड्रिल करायी गयी, एवं फायर स्टेशन प्रभारी अग्निशमन अधिकारी माधौगढ के द्वारा भीमराव अम्बेडकर जूनियर हाई स्कूल, माधौगढ में अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण दिया व छात्र छात्राओ व अध्यापक / अध्यापिकाओं को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण दिया व मॉक ड्रिल करायी गयी तथा चित्रकला एवं निबन्ध का आयोजन किया गया। किसी भी अग्नि दुर्घटना के समय 'क्या करें' अथवा क्या न करें' । उन्होंने बताया कि अग्नि दुर्घटना के समय क्या करें- धुएं में घिरे होने पर अपने नाक और मुंह को गीले कपडे से ढंक लें। भारी धुंआ और जहरीली गैस सबसे पहले छत की तरफ इकट्ठा होती है, इसलिए अगर धुंआ हो तो जमीन पर झुक कर बैठें। आग के निकट से अन्य ज्वलनशील सामग्री को दूर हटायें। उन्होंने बताया कि अग्नि दुर्घटना के समय क्या न करें- विद्युत आउटलेट पर अधिक भार न डाले। आग लगने पर लिफ्ट का प्रयोग न करे। आग के बढने पर बुझाने का प्रयास न करे बल्कि तुरन्त ही सुरक्षित बाहर निकलने का प्रयास करें।

महिला जागरूकता अभियान और महिला सशक्तिकरण संगोष्ठी का आयोजन

(यंग भारत न्यूज)

जालौन-उरई। सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम-प्रचार अभियान के अंतर्गत महिला जागरूकता अभियान और महिला सशक्तिकरण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने अपने विचार रखे।

राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत छात्राओं द्वारा नारी शक्ति जगाने और नारियों को अपने अधिकारों के प्रति सचेत रहने को कहा। छात्रा अक्षरा तिवारी ने कहा कि अंध श्रद्धा को छोड़ो नारी, मन की आंखें खोलो नारी। इस नारे के माध्यम से नारी शक्ति को अंधभक्ति से दूर रहने का संदेश दिया। मोनिका देवी ने नारी शक्ति को जगाते हुए कहा कि 'नारी में है शक्ति अपार, वही करेगी जग उद्धार।' दीपाली बाथम ने अपने नारे के माध्यम से संदेश दिया कि 'नारी नर से हीन नहीं, दुनियां के आधीन नहीं।' सौम्या पटेल ने कहा कि यदि नारी अपनी शक्ति को पहचान ले तो दुनिया की कोई शक्ति उसे आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। मानसी प्रजापति ने वेदों की संकल्पना का उल्लेख करते हुए कहा कि जहां नारियों का सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते हैं। वह स्थान स्वर्ग के समान हो आता है। इस मौके पर अवंतिका शर्मा, मुस्कान कुशवाहा, निकेता सिंह, अंशिका गुप्ता, सोनाली, वैष्णवी, रागनी, सृष्टि पचौरी, वैष्णवी पोरवाल आदि रहे।

न्याय के लिए पहुंचे जसपुरा थाना तो पीड़ित के साथ पुलिस ने की उल्टा मारपीट

जसपुरा पुलिस के दो कर खास से परेशान है क्षेत्रीय ग्रामीण

(यंग भारत न्यूज)

बांदा। जसपुरा थाना क्षेत्र के नादादेव गांव निवासी रोशनी ने थाना जसपुरा शिकायती पत्र देने गई थी कि वह अपने घर पर रात में सतुवा भुज रही थी तभी शराब के नशे में पड़ोस की ही अजीत शराब पीकर मारपीट करने लगा और घर पर ईट मारा जिसका विरोध पीड़िता के पति ने किया तो उसको भी गाली गलौज किया जिसका वीडियो के उनके पास मौजूद है जिसकी शिकायत लेकर रात में 10:00 बजे पीड़िता अपने पति के साथ थाने पहुंची तो थाने में उनकी नहीं सुनी गई और उल्टा उसके पति के साथ थाने में एक कांस्टेबल के द्वारा मारपीट की है। साथ ही उनका फोन भी छीन लिया गया बाद में दरोगा के आने पर फोन वापस किया गया।

जसपुरा पुलिस पर आए दिन मारपीट जैसे आरोप लगाते रहते हैं पुलिस इस समय अपराधियों पर अंकुश न लगाने की बजाय पीड़ितों के साथ ही लगातार अत्याचार कर रही है। आए दिन चोरी मारपीट क्षेत्र में होती है इस पर बांदा पुलिस को संज्ञान लेकर कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि पीड़ितों पर ही जसपुरा मारपीट कर सुलह समझौता कर देती है तो न्याय कैसे मिलेगा। पुलिस के खिलाफ काफी लोगों में आक्रोश देखने को मिलता है।वही सूत्रों की मन तो उनका कहना है कि इस सूरत थाने में काफी दिनों से तैनात दो कांस्टेबल है जिनके द्वारा अवैध वसूली में मस्त रहते हैं और थाना प्रभारी निरीक्षक के कारखास है। जिनके द्वारा क्षेत्र के सारे दो नंबर के व्यापार चलवाए जाते हैं और लोगों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है जिनको लगभग 3 साल से ऊपर हो गए थाने में आए हुए।

सशक्त नारी, सशक्त भारत अभियान के तहत नगर में जागरूकता बाइक रैली का आयोजन

(यंग भारत न्यूज)

जालौन-उरई। सशक्त नारी, सशक्त भारत अभियान के तहत नगर में जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति लोगों को जागरूक किया गया और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का संदेश दिया गया। रैली में शामिल महिलाएं हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर चल रही थीं, जिन पर महिला सशक्तिकरण, समान भागीदारी और अधिकारों से जुड़े संदेश अंकित थे। कार्यक्रम में मौजूद सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश के लिए एक ऐतिहासिक कदम है, जिसके माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं को केवल लाभार्थी तक सीमित न रखकर उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदार बनाना है। पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल एवं कार्यक्रम संयोजक आशा प्रजापति ने कहा कि सशक्त नारी, सशक्त भारत अभियान का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज में बराबरी का अधिकार दिलाना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं महिलाओं को आगे बढ़ने का अवसर दे रही हैं। नगर पालिका चेयरपर्सन नेहा मित्तल ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। इस दौरान ईओ सुशील कुमार, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ऊषा गुप्ता, छाया शिवहरे, अभय सिंह राजावत आदि रहे।

नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह सादगीपूर्ण माहौल में संपन्न

(यंग भारत न्यूज)

जालौन-उरई। नगर पालिका परिषद में नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह सादगीपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान सभी नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में एसडीएम हेमंत पटेल ने नामित सभासदों को शपथ दिलाते हुए उनसे अपने दायित्वों का ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करने की अपेक्षा की। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि नगर के विकास और जनसमस्याओं के समाधान में सभासदों की भूमिका अहम होती है, इसलिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। शपथ ग्रहण करने वालों में ऊषा गुप्ता, वाचस्पति मिश्रा, धर्मेंद्र सेंगर, योगेंद्र राठौर और रामप्रकाश शामिल रहे। शपथ लेने के बाद सभी नामित सभासदों ने नगर के विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लिया। इस मौके पर चयेरपर्सन नेहा पुनीत मित्तल, ईओ सुशील कुमार, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी, पुनीत मित्तल, अनिल याज्ञिक, अभय सिंह राजावत, अनिल मित्तल आदि मौजूद रहे।

जगनेवा में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को जागरूक किया

(यंग भारत न्यूज)

जालौन-उरई। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत प्राथमिक विद्यालय जगनेवा में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को जागरूक करते हुए अभियान चलाया।

अभियान के दौरान महिला चौकी प्रभारी मधु देवी ने बताया कि कोई भी अंजान काल से सावधान रहें। अंजान व्यक्तियों के साथ अपना पर्सनल मोबाइल नबर शेयर न करें। कोई अनजान व्यक्ति यदि कोई लिंक भेजता है तो उसे न खोलें। ऐसा करने आपका मोबाइल हैंक हो सकता है। किसी को भी अपनी पर्सनल तस्वीरें न भेजें। जागरूक रहकर आप साइबर फ्रॉड से बच सकती हैं। महिला सिपाही प्रकांक्षा ने वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी गई। अंत में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए। इस मौके पर मीनाक्षी, अदिती, सोनम, करिश्मा, पूनम, शालिनी आदि मौजूद रहे।

ग्राहक से रुपये मांगने पर ग्राहक व दुकानदार के बीच हुई हाथापाई

(यंग भारत न्यूज)

जालौन-उरई। दुकान से उधार सामान लेने के बाद ग्राहक से रुपये मांगने पर ग्राहक व दुकानदार के बीच हाथापाई हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दमां निवासी नेमकुमार गांव में ही छोटी दुकान किए हैं। गांव का ही दीनबंधु उससे उधार सामान लेता रहा। आरोप है कि जब दुकानदार ने दूसरे पक्ष से उधार के रुपये मांगे तो दोनों के बीच विवाद होने लगा। गाली, गलौज से शुरू हुआ विवाद हाथापाई तक पहुंच गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट पर आने से कन्वेयर मशीन में लगी आग

(यंग भारत न्यूज)

बबेरू/बांदा । मर्का थाना क्षेत्र के तोड़ी पुरवा के पास का है। जहां मंगलवार की सुबह कदौरा से कन्वेयर मशीन को लेकर चरका गांव यमुना नदी की खदान पर जा रहा था, तभी 11000 हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट पर आ गया। जिससे कन्वेयर मशीन में बुरी तरह से आग लग गई, जिसमें कन्वेयर मशीन धू धू करके जलने लगी, वही ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी के द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक कन्वेयर मशीन व उसके टायर पूरी तरह से जलकर खाक हो गए। लेकिन बड़ा हादसा होते-होते बच गया।

संविधान के शिल्पकार को नमन : जदयू कार्यालय में गरिमा, संकल्प और सामाजिक न्याय का महासंगम

(यंग भारत न्यूज)

बाँदा। आज जनता दल यूनाइटेड (जदयू) जिला इकाई के तत्वाधान में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास, गरिमा और सामाजिक समरसता के भाव के साथ मनाई गई, जहां कार्यक्रम ने केवल श्रद्धांजलि का रूप ही नहीं लिया बल्कि समानता, अधिकार और न्याय के संकल्प का सशक्त मंच बनकर उभरा, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जदयू की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने अपने जोशीले और ओजस्वी संबोधन में कहा कि 'बाबा साहेब केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं, एक क्रांति हैं, जिन्होंने सदियों से दबे-कुचले समाज को जीने का हक और सम्मान दिलाया, आज जरूरत है कि हम उनके संविधान को सिर्फ किताबों तक सीमित न रखें बल्कि उसे अपने व्यवहार और व्यवस्था में उतारें, जब तक अंतिम व्यक्ति को न्याय नहीं मिलेगा तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी,' उनके इस दमदार संबोधन ने पूरे माहौल में ऊर्जा भर दी और कार्यकर्ताओं में नया जोश पैदा कर दिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र नाथ गुप्ता ने बाबा साहेब के संघर्षों को प्रेरणा का

स्रोत बताया, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जदयू जिला अध्यक्ष उमाकांत सविता ने संगठन की प्रतिबद्धता को दोहराया, मंच संचालन शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हरिराम सिंह द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया, कार्यक्रम में बाबूलाल चौधरी, सद्दाम हुसैन, संतोष अकेला, आयोजक बिहारीलाल अनुरागी (जिला अध्यक्ष दिव्यांग प्रकोष्ठ), सुरेश कुशवाहा (जिला अध्यक्ष छात्र प्रकोष्ठ), अटल बिहारी पटेल, चित्रकूट महिला जिला अध्यक्ष गीता सोनी सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे और बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया, इस अवसर पर अखिलेश यादव जिला उपाध्यक्ष जेडीयू बांदा, कुलदीप रैकवार, दिलीप नंदकिशोर, बुंदेलखंडी रामशरण सिंह, राजाराम आचार्य, कुलदीप वर्मा, गुलाब पटेल, धर्मेंद्र कुमार, काशी प्रसाद याज्ञिक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे, पूरे कार्यक्रम में सामाजिक न्याय, शिक्षा और समान अवसर के मूल मंत्र गूंजते रहे और यह आयोजन एक प्रेरणादायक संदेश देकर संपन्न हुआ कि बाबा साहेब का सपना ही सशक्त भारत की असली नींव है।

उरई में उमड़ा नीला समंदर, बाबा साहेब की जयंती पर जीआईसी मैदान में रचा गया इतिहास

संविधान शिल्पी के जयघोष से गुंजायमान हुआ उरई जालौन; 'भीम भोज' में हजारों ने एक साथ चखा समरसता का स्वाद, झांकियों ने मोहा मन

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। बुंदेलखंड की धरती और उरई के हृदय स्थल जीआईसी मैदान ने मंगलवार को एक नया इतिहास बनते देखा। भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती जनपद में केवल एक पर्व नहीं, बल्कि एक वैचारिक क्रांति के रूप में मनाई गई। बहुजन नायक / महानायक जन्मोत्सव आयोजन संयुक्त समिति के बैनर तले आयोजित इस भव्य महोत्सव में जनसैलाब इस कदर उमड़ा कि शहर की सड़कें नीली पगड़ियों और बाबा साहेब के जयकारों से पट गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंजी. केके भास्कर की है।

समरसता का संदेशः 'भीम भोज' में मिटा भेदभाव

कार्यक्रम की शुरुआत सामाजिक समरसता की एक ऐसी मिसाल के साथ हुई, जिसने पूरे जनपद का ध्यान खींचा। अम्बेडकर चौराहे पर आयोजित 'भीम भोज' में हजारों की संख्या में लोगों ने बिना किसी भेदभाव के एक साथ बैठकर जलपान किया। रात्रि भीम भोज की कमान नगर पालिका अध्यक्ष गिरजा चौधरी एवं उनके पुत्र विजय चौधरी के स्वजन्य से संचालित हुई, जहाँ देर रात तक सेवा और सद्भाव का संगम दिखाई पूरा माहौल 'जय भीम' के नारों से सराबोर रहा।

नगर में निकली मनमोहक झांकियां

शहर के प्रत्येक मोहल्ले से निकलीं भव्य और जीवंत झांकियों ने उरई वासियों का मन मोह लिया। दलगंजन चौराहा, बजरिया, घंटाघर और शहीद भगत सिंह चौराहे से होते हुए जब यह गौरव यात्रा गुजरी, तो बाबा साहेब के जीवन दर्शन को देख अनुयायी भाव-विभोर हो उठे। आयोजन समिति की विशेष टोलियों ने पूरी यात्रा के दौरान कड़ा अनुशासन बनाए रखा। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह जलपान एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

वैचारिक मंच से गूंजा— 'शिक्षित बनो, संगठित रहो'

जीआईसी मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में वक्ताओं ने वर्तमान दौर में संविधान की रक्षा को सबसे बड़ी चुनौती बताया। मुख्य वक्ता डॉ. सुनील मौर्या ने ओजस्वी स्वर में कहा कि बाबा साहेब ने केवल अधिकार नहीं, बल्कि आत्मसम्मान की चाबी हमें सौंपी है। वहीं, जेएनयू अध्यक्ष नीतेश कुमार ने युवाओं से वैज्ञानिक सोच विकसित करने का आह्वान किया। प्रो. बृजेन्द्र सिंह बौद्ध ने दो टूक कहा कि जब तक समाज वैचारिक रूप से एक सूत्र में नहीं बंधेगा, तब तक संघर्ष अधूरा है।

नन्हे कलाकारों ने बिखेरा जादू

सांस्कृतिक संध्या में जहाँ हिमांशी सिंह, दीपेंद्र कुमार गौतम और अजय गौतम महाराज के गीतों ने जोश भरा, वहीं नन्हे कलाकारों—प्रिया गौतम, निहारिका सिंह, काव्या गौतम, सार्थक शिरोमणि, कृतिका गौतम और अवन्या सिंह ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम में दिवगंत महेंद्र पाल सिंह, एवं किरन चौधरी पत्नी सुंदर शास्त्री, को बहुजन समाज में उत्कृष्ट कार्य के लिए उनके परिजनों को मरणोपरांत आयोजक टीम ने सम्मानित किया।इस ऐतिहासिक अवसर पर पूर्व सांसद बृजलाल ख़ाबरी, पूर्व विधायक कौशल किशोर, ऊषा दोहरे (पूर्व महानिदेशक, स्वस्थ्य), सूरज सिंह कुशवाहा, आरपी कुशवाहा, नाथूराम बौद्ध, आत्माराम फौजी, संतराम कुशवाहा, महेंद्र नाथ भारती, शंभू दयाल, राजू अहिरवार, रामशरण जाटव, डॉ कृष्ण गोपाल, कमल दोहरे, श्याम प्रकाश,बृजमोहन उर्फ बबलू अहिरवार, ई. ई. दीपक वर्मा, कुलदीप बौद्ध, अलीम खान, अतुल अहिरवार, महेंद्र भाटिया, हरचरण ताहर पुरी, ई. जितेंद्र नाथ भारती, वीरपाल सिंह उर्फ बब्लू, बृजेश जाटव, कुसुमा देवी, राजकुमार चौधरी, राजेंद्र चौधरी (जमुना पैलेस), राम अचल कुरील, संजय गौतम, धीरेन्द्र चौधरी, जितेंद्र दयालु, गुलाब बाबू जी, अशोक राठौर, मनमोहन कुशवाहा और जयप्रकाश गौतम, सुशील राजपूत, शत्रुघ्न सिंह राजपूत, सुशील चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम में नगर के समस्त झांकी प्रभारी, स्वास्थ शिविर की डॉक्टर्स टीम एवं मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन पुनीत कुमार भारती और राम अवतार सिंह गौतम ने किया। समारोह के महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वालों में महेंद्र सिंह दोहरे, प्रवेंद्र पाल सिंह, रमाकांत दोहरे, किशन बाबू, सुधाकर राव गौतम, दीपक गौतम, अवधेश गौतम, भगवती शरण पांचाल, विजय रत्न, सुंदर सिंह शास्त्री, राजेंद्र सिंह पाल, राजेंद्र सिंह, रामप्रकाश गौतम, संत कुमार शिरोमणि, दीपशिखा श्रीवास, अनुराधा कठेरिया, अमर सिंह, प्रवेश प्रखर, कमल सिंह दोहरे, गजेंद्र सिंह, राम अवतार गौतम बीजापुर सहित समाज के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे और सभी ने बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया।

दबंग माफिया द्वारा लाचार वृद्धा के मकान पर कब्जा करने का आरोप

एसपी के समक्ष पेश हो कर दिया शिकायती पत्र

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम रगेदा निवासी सीता पत्नी बाबूराम ने वृद्ध मां के साथ मिलकर पूलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव में रहने वाला हमीरपुर जनपद का दबंग माफिया जो फर्जी तथा विवादित जमीन खरीदता है। महिला ने आरोप लगाया है कि उक्त दबंग माफिया उसके मकान पर कब्जा करना चाहता है जबकि उक्त मकान मेरी विरासत का है। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर न्याय की गुहार लगाई है।

दर्जनों पीआरडी जवानों ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिला प्रतिनिधिमंडल

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। पीआरडी जिलाध्यक्ष उमेश सिंह परिहार पचीपुरा के नेतृत्व पूर्व पीआरडी अध्यक्ष नारायणदास कुशवाहा, शिवराज सिंह, प्रमोद कुमार यादव, भरत कुमार, दौलतराम, धर्मेंद्र कुमार, जगजीवनराम, बृजेन्द्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह वर्मा, मीना कुमारी, अनुराधा कठेरिया, राघवेंद्र कुमार, कमलेश कुमारी सहित दर्जनों की संख्या में पीआरडी जवानों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को भेंट करते हुए बताया कि पीआरडी जवान पुलिस के कंधे से कंधा मिलाकर अनुशासन पूर्ण कार्य करते हैं, फिर भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति पंकज भाटिया के 3 अगस्त 2023 के आदेश के अनुपालन में पुलिस कांस्टेबल के बराबर वेतन ।दुर्घटना बीमा 20 लाख रुपये और आयुष्मान योजना में शामिल करना।

पीआरडी एक्ट 1948 के तहत समाप्त पदों ब्लाक कमांडर हल्का सरदार दलपति टोली नायक की बहाली ।जवानों ने बीजेपी सरकार के सबका साथ, सबका विकास नारे का हवाला देते हुए कहा कि उनकी दयनीय स्थिति सुधारने की उम्मीद मुख्यमंत्री से ही है।

डंफर चालक ने महिला को भारी टक्कर

पहिये फांसी महिला को घसीटा ले गया

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। शहर के बघौरा बाईपास से रामेश्वर चौराहा की ओर जाने वाले सड़क के बीच में तेजगति से आ रहे डंफर के चालक ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल महिला डंपर के पहिये में फंस गयी जिसे डंफर चालक घसीटता हुआ काफी दूर तक ले गया जिसकी वजह से महिला के चिथड़े चिथड़े उड़ गये जिसकी वजह से मृतक महिला को पहचान मौके पर नहीं हो सकी है। घटना के बाद चालक डंफर को छोड़कर मौके से भाग जाने में सफल हो गया है ।उधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज देने के साथ ही पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले डंफर को अपने कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

क्रय केंद्रों पर लगेगा फार्मर रजिस्ट्री कैम्प चलेगा अभियान, अब एक भी किसान नहीं रहेगा वंचित–डीएम

64 केंद्रों पर शुरू हुए विशेष कैम्प, मौके पर ही बनेगी फार्मर रजिस्ट्री किसान पहचान, सभी विभागों को जिम्मेदारी तय

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जनपद में किसानों को योजनाओं का निर्बाध लाभ दिलाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री के कैम्प लगाने के निर्देश। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने निर्देश दिए हैं कि जनपद के सभी 64 क्रय केंद्रों पर विशेष कैम्प लगाकर प्रत्येक पात्र किसान की फार्मर रजिस्ट्री सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी किसान इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया से वंचित न रहे ।जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) को इस अभियान का नोडल अधिकारी नामित करते हुए निर्देशित किया कि उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की तैनाती तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी क्रय केंद्रों पर आज से ही कैम्प संचालित कर छूटे हुए किसानों की मौके पर ही फार्मर रजिस्ट्री की जाए और प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाया जाए ।जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी गांव-गांव तक पहुंचकर किसानों को जागरूक करें तथा क्रय केंद्रों पर आने वाले प्रत्येक किसान की अनिवार्य रूप से रजिस्ट्री कराई जाए। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों की डिजिटल पहचान है, जिससे उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त होगा। उन्होंने सभी अधिकारियों को कहा कि अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी और नियमित निगरानी के माध्यम से इसकी प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा बने (उपज) के झाँसी मंडल प्रभारी

उत्तर प्रदेश एसोसिएशन आफ जर्नलिस्ट (उपज) का था सम्मेलन

(यंग भारत न्यूज)

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश एसोसिएशन आफजर्नलिस्ट (उपज) दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन में वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार अनिल शर्मा को उपज के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश सिंह ने झांसी मंडल में जल्द से जल्द जिलाइकाइयां गठित करने के लिए झांसी मंडल का प्रभारी नियुक्त किया है। मालूम हो कि जालौन जिले का जिला अध्यक्ष श्री अचल शर्मा को दूसरी बार सर्व समस्या बनाया गया है। जो अपनी शीघ्र इकाई गठित करेंगे। उपज के झांसी मंडल के प्रभारी अनिल शर्मा 17 अप्रैल को ललितपुर में और 18 अप्रैल में झांसी में उपज के जिला अध्यक्ष की घोषणा करेंगे। उसके बाद जालौन झांसी ,ललित पुर तीनोजिलों के जिला अध्यक्ष अपने अपने जिलों की इकाइयां गठित करेंगे

खतौनी की त्रुटियां अब नहीं बनेंगी बाधा, ऑनलाइन सुधार से आसान होगी फार्मर रजिस्ट्री

जिलाधिकारी ने कृषकों से की अपील जनसेवा केंद्र पर दर्ज कराएं शिकायत, राजस्व विभाग करेगा त्वरित निस्तारण

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। जनपद में किसानों की सुविधा और पारदर्शी राजस्व व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने खतौनी में नाम, अंश एवं अन्य त्रुटियों के सुधार के लिए उपलब्ध कराई गई ऑनलाइन सुविधा का व्यापक लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अब किसान अपने रिकॉर्ड में किसी भी प्रकार की गलती को आसानी से ऑनलाइन ठीक करा सकते हैं, जिससे उनकी फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया भी सुगम और बाधारहित हो सकेगी ।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि ऐसे कई प्रकरण सामने आ रहे हैं, जिनमें आधार कार्ड और खतौनी में नाम या अन्य विवरणों में अंतर होने के कारण किसान फार्मर रजिस्ट्री नहीं करा पा रहे हैं। ऐसे सभी कृषक भाई अब https://upbhulekh.gov.in/ansh/ लिंक के माध्यम से अथवा अपने नजदीकी जनसेवा केंद्र (CSC) पर जाकर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि शिकायत दर्ज होने के बाद संबंधित प्रकरणों का राजस्व विभाग तहसील स्तर पर प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि किसी भी पात्र किसान को योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े। जिलाधिकारी ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे इस सुविधा का समयबद्ध लाभ लें और आवश्यक दस्तावेज, मोबाइल नंबर ओटीपी हेतु, एवं खतौनी के साथ जनसेवा केंद्र पहुंचकर अपनी समस्या दर्ज कराएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी संबंधित अधिकारी इस प्रक्रिया की निगरानी करें और प्रत्येक आवेदन का त्वरित व पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप हर किसान की डिजिटल पहचान सुदृढ़ करना प्राथमिकता है, और इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि अब बाधा नहीं बनने दी जाएगी।

डा. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में सम्मान अभियान गोष्ठी का किया आयोजन

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। भारतीय जनता पार्टी ने डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में सम्मान अभियान संगोष्ठी अमन रॉयल गेस्ट हाउस जेल रोड उरई में की जिसके मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर शाहू रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की मुख्य अतिथि ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पकार, सामाजिक न्याय के पुरोधा, 'भारत रत्न' श्रद्धेय बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर कोटि-कोटि नमन करती हूँ बाबा साहब ने शिक्षा और समानता के माध्यम से आपने महिला सशक्तिकरण के प्रयासों को गति दी। समता,न्याय और अधिकारों पर आधारित सशक्त भारत की जो नींव आपने रखी, वह आज भी राष्ट्र निर्माण का पथ प्रशस्त कर रही है। बाबा साहब वंचितों,शोषितों और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए आपका संघर्ष और विचार हम सभी के लिए प्रेरणा का शाश्वत स्रोत हैं इसी क्रम में जनपद के अनुसूचित जाति के वरिष्ठ लोगों के माला एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया गया जिसमे शंभू दयाल चौधरी अनुज नाग बबलू वाल्मीक उमाशंकर वर्मा सत्यनारायण वर्मा सभी का सम्मान किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा अरविंद चौहान विजय चौधरी बृजभूषण सिंह उदयन पालीवाल रामेंद्र सिंह विवेक कुशवाहा पुष्पेंद्र सेगर प्रशांत द्विवेदी रेखा वर्मा विनोद अहिरवार अशोक राठौर अनीता कठेरिया अनीता सोलंकी रजनी अहिरवार सैकड़ों की संख्या में अनुसूचित समाज के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

जीरो टॉलरेंस के बाबजूद दंपत्ति की भूमि पर दबंग का कब्जा

कबिलपुरा के चौकी इंचार्ज दे रहे हैं दबंगों का साथ

(यंग भारत न्यूज)

उरई (जालौन)। डकोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले ग्राम गोरन निवासी दम्पत्ति ने एसपी कार्यालय पहुंच कर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया कि काबिलपुरा चौकी इंचार्ज न्याय की आरोपियों के साथ मिलकर धमकियां देने का काम कर रहे।

डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम गोरन निवासी श्रीमती कमलेश पत्नी लल्लूराम ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी गाटा संख्या 645 करवा 3.9090 मौजा गोरन के अंश भाग की संक्रमणीय भूमिधर काबिज काश्तकार है। गांव के अपराधी किस्म का वृंदावन पुत्र बुद्धू व उसका लड़का पवन उसके गाटा की फसल कुचलकर अपना ट्रैक्टर से टिलर से तोड़ दिये है जिसे मना करने पर पवन लड़ने पर आमादा हो जाता है तथा जान से मारने की धमकी देता है। महिला का आरोप है दबंग पवन ने खेत में लगे तार खंभे चकरोड संख्या 635 में राजस्व द्वारा गड़वाये गये तार खंभे दबंगई के बल पर तोड़ डाले हैं। पीड़ित महिला का आरोप है कि 13 जनवरी 2026 की शाम 7 बजे पवन 315 बोर का तमंचा लेकर प्रार्थनी के घर के दरवाजे पर आकर धमकी देने लगा कि अगर तुमने मेरी शिकायत कहीं की तो तमंचे से जान से मार दूंगा। महिला की अगर मानें तो आरोप है कि इस दौरान प्रार्थनी के साथ धक्का मुक्की तथा गंदी गंदी देने लगा गालियों आवाज सुनकर तमाम लोग मौके पर आ गये जिन्होंने आरोपी को ललकारा तक प्रार्थनी की जान बच सकी उस वह बुखार से पीड़ित और बीमार थी। पीड़ित महिला ने लिखा है कि इस घटना के बारे में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र के साथ ही जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की लेकिन उक्त दबंगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी। पीड़ित महिला कमलेश का आरोप है कि डकोर थाने की पुलिस चौकी काबिलपुरा इंचार्ज वसीद खा 25 मार्च 2026 को प्रार्थनी के घर आये और उल्टा डांट फटकार कर कहने लगे कि तू ज्यादा शिकायत करती है तेरे पति के खिलाफ मुकदमा लिखकर सबक सिखा दूंगा। महिला का आरोप है चौकी इंचार्ज विपक्षी लोगों से मिले हुए हैं यहीं कारण है कि पीड़ित पक्ष को न्याय नहीं दे रहे हैं। पीड़ित महिला का कहना है लगभग तीन माह से न्याय पाने के लिए शासन और प्रशासन के चक्कर काट रही है इसके बाद भी न्याय नहीं मिल पा रहा है। पीड़ित महिला ने शिकायती पत्र के माध्यम से निष्पक्ष जांच करवाएं जाने की गुहार पुलिस अधीक्षक से लगाई है।

हार्वेस्टर से निकली चिंगारी से खेत में खड़ी गेहूं की फसल में लगी आग

कोंच कोतवाली क्षेत्र के नदीगांव रोड स्थित बाबू पैलेस के पास किसान के खेत में उस समय आग लग गयी जब उसके खेत में हार्वेस्टर से फसल कटाई हो रही थी हार्वेस्टर से निकली चिंगारी ने देखते ही देखते बिकराल रूप धारण कर लिया ।जिसमें किसान की लगभग दो बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और किसानों में दहशत फैल गई ।जानकारी के अनुसार किसान कमलेश उर्फ पप्पू कुशवाहा के खेत में हार्वेस्टर से निकली चिंगारी के कारण आग लग गई। बताया जा रहा है कि हार्वेस्टर मशीन में हुए शॉर्ट सर्किट से चिंगारी निकली, जिसने सूखी गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया ।तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं, जिससे आसपास के किसानों में अफरा-तफरी मच गई। किसानों ने तत्काल अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और बाल्टियों, पानी के टैंकरों तथा अन्य संसाधनों से आग पर काबू पाने की कोशिश की। वहीं सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ।हालांकि तब तक किसान कमलेश उर्फ पप्पू कुशवाहा की लगभग दो बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। इस घटना से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है ।घटना की सूचना संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को भी दी गई है ।किसानों ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

स्मार्ट मीटरों के विरोध में ग्रामीणों ने कर दी सड़क जाम

- स्मार्ट मीटर हाथ मे लेकर आय थे ग्रामीण
- बमुश्किल पुलिस अधिकारियों ने खुलवा पाया जाम

माधौगढ़। लक्ष्मनपुरा सहित तीन मोहल्ले के उपभोक्ता ने हाथों में स्मार्ट मीटर लेकर चितौरा चौराहा,सिहारी चौराहा पर जाम लगा दिया।उपभोक्ताओं ने बिजली निगम के खिलाफ नारेबाजी की।उपभोक्ताओं का आरोप है कि बिल जमा होने के बाद भी बिजली बंद हो जाती है।स्मार्ट मीटर हटाकर दूसरे मीटर लगाएं जाएं। जाम 6 घंटे बाद खुल सका।प्रशासन मूक दर्शक बना रहा।

कस्बा के लक्ष्मनपुरा मोहल्ला पटेल नगर, मालवीय नगर,उत्तरीय मालवीय नगर के एक सैकड़ा उपभोक्ताओं ने बुधवार दोपहर माधौगढ़ –रामपुरा रोड पर चितौरा चोराहा ,सिहारी चौराहा पर जाम लगा दिया।उपभोक्ताओं ने बिजली निगम द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटर को घर से उखाड़कर चितौरा चौराहे पर आकर बैठ गए।उपभोक्ता सीमा, चन्द्रभान,राहुल कुमार आदि ने बताया कि स्मार्ट मीटर में ज्यादा बिल आता है। यहीं नहीं एक किलो वाट का कनेक्शन पर 3 हजार का बिल आ रहा है। ओवरलोड के चलते बिजली एका एक बंद हो जाती है।बिजली चालू कराने को लेकर सब स्टेशन पर कई मर्तबा शिकायत की गई,बिजली निगम के किसी कर्मचारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। सब स्टेशन पर तैनात एसडीओ उमाशंकर सक्सेना मिलते नहीं है। जाम की सूचना पर एसडीएम राकेश कुमार सोनी,सीओ अंबुज सिंह,एक्सियन भारतीय,नायब तहसीलदार भुवनेन्द्र कुमार,चार थानों की पुलिस पहुंच गई।बिजली निगम के अधिकारियों से उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर शीघ्र हटाएं जाएं,वरना धरना प्रदर्शन किया जाएगा। माधौगढ़। चितौरा चौराहा पर जाम की खबर सुन एसडीएम राकेश कुमार सोनी मौके पर पहुंच गए। एसडीएम जाम लगाए उपभोक्ताओं को समझा रहें थे कि जाम लगाएं संदीप मोबाइल पर बीडियो बनाने लगा।यह देख एसडीएम ने मोबाइल छुड़ाकर नाराजगी जताई।यह देख जाम लगाए महिलाएं एसडीएम पर टूट पड़ी। पुलिस ने एसडीएम को कब्जे में लेकर प्रिंस ट्रेवल्स के कमरें में पुलिस सुरक्षा में बैठा दिया।कर पुलिस स3 घंटे बैठे रहें। महिलाएं आस पास खड़ी रहीं।पुलिस की सुरक्षा के बीच एसडीएम बाहर निकले।जाम खुलने के बाद एडीएम संजय कुमार मौके पर पहुंच गए।

अनुरागिनी संस्था द्वारा हरसिंगपुर श्रीअन्न जागरूकता एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन

संस्था की पहल से गांव में बढ़ी स्वास्थ्य जागरूकता

(यंग भारत न्यूज)

कुठौंद(जालौन)। आज जनपद के विकास खंड कुठौंद के ग्राम हरसिंगपुर बरियापुर में अनुरागिनी संस्था द्वारा श्रीअन्न (मिलेट्स) जागरूकता एवं निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण जनों को पोषण युक्त आहार, विशेषकर श्रीअन्न के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा उनके स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच एवं परामर्श उपलब्ध कराना था।शिविर में कुल 273 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श के साथ दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वरुण कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद में श्रीअन्न को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज शरीर को संतुलित रखने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और दीर्घकालिक बीमारियों से बचाव में सहायक होते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को प्राकृतिक एवं संतुलित आहार अपनाने की सलाह दी।

कार्यक्रम के दौरान अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और खान-पान की गलत आदतों के कारण अनेक बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में श्रीअन्न जैसे पारंपरिक और पोषक अनाजों को पुनः अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि श्रीअन्न न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह किसानों के लिए भी आर्थिक रूप से सशक्तिकरण का माध्यम बन सकता है। सेवा भारती के विभाग प्रमुख पूरन लाल प्रजापति ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए स्वास्थ्य और पोषण दोनों का संतुलन जरूरी है। उन्होंने अनुरागिनी संस्था के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। उपस्थित चिकित्सा टीम में चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष जादौन, डॉ. संदीप दोहरे, पंकज राजपूत, ए.एन. सिद्दीकी, ए.एन.एम. संगीता, फार्मासिस्ट पूनम, आयुष्मान मित्र ब्रह्म प्रकाश, शशि रानी, राकेश कुमार, रविन्द्र कुमार एवं डॉ. अशोक कुमार वर्मा सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान बबली देवी ने संस्था अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिंह पूरन लाल प्रजापति उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह राजावत सहकारी संघ के अध्यक्ष श्याम करन प्रजापति सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। शिविर के दौरान ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, दवाइयों का वितरण तथा श्रीअन्न के उपयोग और लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

चलती बाइक में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

(यंग भारत न्यूज)

उरई। उरई के कालपी रोड स्थित फैक्ट्री एरिया चौकी के सामने उस समय अफरा-तफरी मच गई जब चलती हुई बाइक में अचानक आग लग गई। बाइक चला रहे युवक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई।

देखते ही देखते बाइक आग की लपटों से घिर गई, जिससे मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया तथा घटना की सूचना पुलिस को दी। प्रारंभिक आशंका है कि बाइक में शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी के चलते आग लगी। घटना में चालक सुरक्षित बच गया, हालांकि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बीते आठ माह से मानदेय न मिलने के चलते मनरेगा कर्मचारी परेशान

(यंग भारत न्यूज)

जालौन-उरई। ब्लॉक कार्यालय में काम कर रहे ग्राम रोजगार सेवकों को बीते आठ माह से मानदेय न मिलने के चलते मनरेगा कर्मचारी परेशान हैं। पिछले माह नवागांतुक बीडीओ को ज्ञापन देकर वेतन दिलाने की मांग की थी। एक माह बाद वेतन न मिलने पर बुधवार को कर्मचारियों ने बैठक कर 10 दिन की कलम बंद हड़ताल की घोषणा करते हुए बीडीओ को ज्ञापन दिया है।

ब्लॉक कार्यालय में काम कर रहे ग्राम रोजगार सेवक समेत मनरेगा कर्मचारियों को बीते आठ माह से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। जिसको लेकर बीती नौ मार्च को मनरेगा कर्मचारियों ने बीडीओ प्रशांत कुमार को ज्ञापन सौंपा था। लेकिन एक माह बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका। बुधवार को ग्राम रोजगार सेवक संघ के तत्वावधान में मुकुल मुदगल, प्रकाश बाबू, प्रमोद कुमार, इंदल साहू, शिवप्रकाश, अनिल कुमार, कुशवेंद्र सिंह, शिव कुमार, सुरेंद्र कुमार, विपिन, गजेंद्र सिंह, रामलला, अवनीश कुमार, उमेशचंद्र, हिम्मत सिंह, अनिल मिश्रा, कुलदीप, पवन तिवारी ने बीडीओ प्रशांत कुमार को ज्ञापन देकर बताया कि बीते आठ महीनों में प्रमुख पर्व दशहरा, दीपावाली, होली, नवरात्रि के अलावा वैवाहिक तिथियां भी निकल गई है। शादी और पर्व पर घरों में अधिक खर्च होता है। इसके बाद भी उन्हें बीते नौ माह से मानदेय का भुगदान नहीं किया गया है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने देश के 12 प्रदेशों में उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक मानव दिवस सृजित करने पर प्रशंसा की थी। सर्वाधिक मानव सृजन में सहयोग करने वाले कर्मचारियों को मानदेय तक नहीं मिल पा रहा है। यह संविधान के अनुच्छेद 21 में वर्णित जीवन के अधिकार का उल्लंघन है। मानदेय का नौ माह से भुगतान न होने के कारण उनके परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। कर्मचारी ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि भुगतान न होने के चलते दिनांक 16 अप्रैल से 25 अप्रैल तक कर्मचारी सांकेतिक कलम बंद हड़ताल करने के लिए मजबूर हैं।

वीणा विद्या पीठ में वार्षिक परिणाम वितरण समारोह सम्पन्न, अम्बेडकर जयंती पर हुआ विशेष आयोजन

(यंग भारत न्यूज)

माधौगढ़। नगर के वीणा विद्या पीठ विद्यालय में 14 अप्रैल को वार्षिक परिणाम वितरण समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत माधौगढ़ के चेयरमैन श्री राघवेंद्र व्यास एवं माधौगढ़ कोतवाली के निरीक्षक श्री अभिलाष मिश्रा रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर महान समाज सुधारक एवं भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती भी श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई तथा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। समारोह में विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के संरक्षक श्री आनंद कुमार द्विवेदी, प्रबंध निदेशक श्री विनय कुमार द्विवेदी, प्रबंधक श्रीमती अनुराधा द्विवेदी एवं प्रशासक श्री राहुल द्विवेदी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुदीप कुमार बनरसिया ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परिणाम हेतु बधाई दी और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण—श्री विष्णु पाल द्विवेदी, श्री दिलीप समाधिया, श्री शैलेन्द्र कुशवाहा, श्री हेमंत सिकरवार, श्री मंगल राठौर, श्री अंकित द्विवेदी, श्री अंशु द्विवेदी, श्री रोहित राठौर एवं श्री उमाशंकर, कु.साक्षी, श्रीमती आरती, कु.अनुराधा, कु.प्रियांशी तिवारी, कु. कामिनी, कु.निधि, रोशनी रानी, कु.कशिश, कु. अंजली सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा मुख्य अतिथियों एवं उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया तथा कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

संत समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी से नाराज हिन्दू महासभा ने कोतवाल को दिया ज्ञापन

यूट्यूबर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

(यंग भारत न्यूज)

कोंच। अखिल भारत हिन्दू महासभा के जिलाध्यक्ष रामभूषण उदैनिया ने कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक को एक ज्ञापन देकर संत समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले यूट्यूबर गौतम खट्टर के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। संगठन ने आरोप लगाया है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में जगतगुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज, श्री जूना अखाड़ा, अखाड़ा परिषद तथा संत समाज के विरुद्ध आपत्तिजनक, भ्रामक और मानहानिकारक टिप्पणियां की गई हैं।जो हिन्दू समाज के खिलाफ एक घिनौनी हरकत है। ज्ञापन में कहा कहा गया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक एवं यूट्यूब पर प्रसारित एक वीडियो में यूट्यूबर गौतम खट्टर द्वारा जगतगुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज के विरुद्ध कथित रूप से असत्य और दुर्भावनापूर्ण आरोप लगाए गए हैं। संगठन का कहना है कि इससे न केवल स्वामी चक्रपाणि की व्यक्तिगत छवि धूमिल हुई है, बल्कि संत समाज एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रति भी नकारात्मक माहौल बनाने की कोशिश की गई है।संगठन के अनुसार, जगतगुरु स्वामी चक्रपाणि जी महाराज ने राम जन्मभूमि मामले में सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर की थी। साथ ही, उन्होंने कथित रूप से राष्ट्रविरोधी तत्वों और आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई, जिसके चलते उन्हें कई बार जान से मारने की धमकियां भी मिलीं। सुरक्षा कारणों से उन्हें केंद्र संरकार द्वारा वर्ष 2015 से जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंधित वीडियो में सनातन संतों और अखाड़ों के खिलाफ नकारात्मक माहौल बनाया गया, जबकि अन्य धर्मों के धार्मिक नेताओं का महिमामंडन किया गया। संगठन ने इसे सुनियोजित षड्यंत्र बताते हुए इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की है।संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मामले में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।ज्ञापन देने वालो में प्रदीप पटेल धनौरा, ऋषि उपाध्याय, विवेक यादव, देवेंद्र सिंह,आनंद पांचाल, लोकेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से मुलाकात की

लखनऊ में पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने संगठन को लेकर चर्चा की

(यंग भारत न्यूज)

कोंच(जालौन) भाजपा की सहयोगी पार्टी अपना दल एस जनपद जालौन के जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने अपने पार्टी नेताओ के साथ प्रदेश के राजधानी लखनऊ में स्थित अपना दल एस के प्रदेश कैंप कार्यालय पर पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और मोदी सरकार में स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल से मुलाकात की और उन्होंने संगठन को लेकर विस्तृत चर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने निर्देश दिये कि पार्टी संगठन को लेकर सदस्यता अभियान चलाए और लोगो को ज्यादा से ज्यादा पार्टी में जोड़े साथ ही पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिये अभियान चला कर पार्टी को मजबूत बनाने में आगे रहे इस अवसर पर पार्टी के प्रांतीय कार्य कारिणी के सदस्य रोहित राठौर पन्यारा लालसिंह बगिया हेमंत लंबरदार बगिया सुघर सिंह पटेल धनोरा राम बाबू आशीष बजाज रोहित कुशवाहा अनिल लुहारी सहित कई लोग मौजूद रहे

रुदावली ग्राम में फर्जी कागज दिखा कर लूटा जा रहा है सरकारी धन, लाखो के जीवन का खुला आरोप

अधिकारियों के संरक्षण में चल रहा है फर्जीवाड़ा

(यंग भारत न्यूज)

माधौगढ़(जालौन)। विकास खंड नदीगांव की ग्राम पंचायत रुदावली में विकास कार्यों के नाम पर बड़ा घोटाला सामने आया है। 12 शिकायतकर्ताओं ने शपथ पत्र देकर इंटरलॉकिंग, नाली और बंधा निर्माण में लाखों रुपये के फर्जीवाड़े का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार, बंधा निर्माण केवल कागजों में दिखाकर भुगतान निकाल लिया गया, जबकि मौके पर कोई निर्माण नहीं मिला। जांच की भनक लगते ही 2-3 दिन पहले आनन-फानन में मजदूर लगाकर काम दिखाने की कोशिश की गई। इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण में भी गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। एक ही कार्य के लिए दो-दो बार भुगतान किया गया, जबकि कई स्थानों पर काम अधूरा पड़ा है। कहीं इंटरलॉकिंग पर मिट्टी डाल दी गई तो कहीं नाली निर्माण अधर में छोड़ दिया गया, लेकिन भुगतान पूरा निकाल लिया गया। मामले में एपीओ और तकनीकी सहायक (टीए) की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। आरोप है कि बिना स्टीमेट और आईडी जनरेट किए ही भुगतान कर दिया गया। इससे पूरे मनरेगा तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गंभीर बात यह है कि इस मामले की पहले भी तीन बार जांच हो चुकी है, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इस बार जांच के लिए पहुंचे जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, मंडलीय प्राधिकरण टीएसी के हिम मुहम्मद शाह आलम और कोषाधिकारी विजय शर्मा ने शिकायतों के बावजूद केवल एक-दो कार्यों की ही जांच की और अधूरी जांच छोड़कर मौके से लौट गए। ग्रामीणों का आरोप है कि 10-12 कार्यों की शिकायत के बावजूद जांच सीमित कर दी गई, जिससे पूरे मामले को दबाने की कोशिश नजर आती है। गांव में अंबेडकर मार्ग जर्जर हालत में है, नाली निर्माण अधूरा पड़ा है, लेकिन कागजों में विकास कार्य पूरे दिखाए जा रहे हैं। ग्राम प्रधान जाकिर हुसैन और सचिव रोहित कुमार ने आरोपों से पल्ला झाड़ते हुए कहा कि सभी कार्य कराए गए हैं। लगातार शिकायतों, तीन बार जांच और फिर भी कार्रवाई न होने से अब यह मामला सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि सिस्टम की कार्यशैली पर बड़ा सवाल बन गया है। ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में नगर में निकाली गई स्कूटी रैली

गोष्ठी के माध्यम से महिलाओ को किया गया जागरूक

(यंग भारत न्यूज)

कोंच नगर में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' के समर्थन में महिलाओं का उत्साह देखते ही बना। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित इस ऐतिहासिक कानून, जिसमें महिलाओं को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है, को लेकर नगर की सड़कों पर जागरूकता और एकजुटता का अनोखा संदेश देखने को मिला।

नगरपालिका परिसर से शुरू हुई स्कूटी और बाइक रैली में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। रैली मुख्यमार्ग से होते हुए चन्दकुआ,स्टेट बैंक, पुरानी बैंक, बजरिया पावर हाउस होते हुए हाटा स्थित सद्भाव मण्डपम पर पहुंची जहां गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर नारे लगाए और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को महिलाओं के अधिकारों की दिशा में बड़ा कदम बताया। रैली समापन के बाद सद्भाव मण्डपम में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023' विषय पर संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में उनके जीवन और योगदान पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक बबीना कृष्ण पाल राजपूत ने डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज में समानता और अधिकारों की लड़ाई उनके सिद्धांतों से ही संभव है। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने में समावेशी शिक्षा की भूमिका को अहम बताया और महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया व अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित वर्ग के पूर्व प्रधानाचार्य ओमप्रकाश, रविन्द्र नाथ, देशराज रजक, मीरा बाल्मीकि, सीमा अहिरवार, राममूर्ति बाल्मीक, मीरा, रामबाबू आदि को शॉल और माला पहनाकर सम्मानित भी किया गया।संगोष्ठी का संचालन कार्यक्रम संयोजक अनिल वर्मा ने किया, जबकि अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने की। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक शशि समोले, जिला संयोजक अशोक राठौर, जिलामंत्री पुष्पेंद्र सेंगर, पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख रानी देवी, राजेन्द्र दुबे, दीपक गर्ग, सौरभ पुरवार, कुलदीप, राजेश्वरी यादव, नरेश वर्मा, विकास पटेल, सुनील लोहिया,रवि कुशवाहा, प्रदीप वर्मा, धर्मेंद्र राठौर, सहित अर्चना सोनी, मीरा चंदेरिया, मधु सोनी, संगीता पटेल, इच्छा पटेल, अरुणा, उर्मिला सोनी, सोनिया, हिमानी राठौर, राममूर्ति और ज्योति सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

मुझे संतुष्ट करोगी तो मदद करूंगा...', रेप पीड़िता से बोले इंस्पेक्टर, सस्पेंड

(यंग भारत न्यूज)

बलिया। प्रदेश के बलिया जिले में एक पुलिस अधिकारी को सस्पेंड कर दिया गया है। इंस्पेक्टर नरेश मलिक पर आरोप है कि वह एक रेप पीड़िता से फोन पर बातचीत के दौरान अभद्र और अश्लील बातें कर रहे थे। यह मामला फरवरी का है जिसका ऑडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। आरोप है कानूनी कार्यवाही की मांग कर रही पीड़िता से इंस्पेक्टर ने कहा कि वह उन्हें संतुष्ट कर देगी तभी मदद करेंगे। इसी मामले में एक और पुलिस अधिकारी की भूमिका की भी जांच की जा रही है। जिले के एसपी ओमवीर सिंह का कहना है कि रिपोर्ट सामने आने के बाद कठोर कार्रवाईकी जाएगी। यह मामला बलिया जिला मुख्यालय पर स्थित क्राइम ब्रांच में तैनात एक इंस्पेक्टर और एक कथित रेप पीड़िता के बीच फोन पर हुई बातचीत से जुड़ा है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि दो दिन पहले सोशल मीडिया पर एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें कथित रूप से जिला मुख्यालय पर पुलिस कार्यालय की अपराध शाखा में कार्यरत इंस्पेक्टर नरेश मलिक पिछले दिनों उभांव थाने पर अपराध निरीक्षक के पद पर तैनाती के समय एक कथित बलात्कार पीड़िता युवती से मोबाइल फोन पर बातचीत में अभद्र और अश्लील भाषा का प्रयोग करते



हुए सुनाई दे रहा है।

वन विभाग के दरोगा पर है रेप का आरोप

सूत्रों के अनुसार, उभांव थाने में बीती 20 फरवरी को 33 वर्षीया एक युवती की तहरीर पर बिल्थरा रोड में वन विभाग में दारोगा के पद पर तैनात उग्रसेन कुमार जायसवाल के विरुद्ध बलात्कार और धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, दर्ज प्राथमिकी में युवती ने शिकायत की है कि उग्रसेन ने शादी का झांसा देकर उसके साथ तकरीबन छह माह तक बलात्कार किया और अब शादी करने से इनकार करते हुए इसकी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। बलात्कार पीड़िता ने पुलिस उप महानिरीक्षक को भेजे गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि दर्ज प्राथमिकी में आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने की आड़ लेकर उभांव थाने के प्रभारी संजय शुक्ला और तत्कालीन अपराध निरीक्षक नरेश मलिक ने उसे फोन करके अभद्र और अश्लील भाषा का प्रयोग करते हुए अकेले में मिलने के लिए बुलाया और यह भी कहा कि जब वह उन्हें 'संतुष्ट' कर देगी तो उसकी मदद कर दी जाएगी।

सूत्रों के मुताबिक, युवती का आरोप है कि अपराध निरीक्षक नरेश मलिक ने बातचीत के दौरान उसे अपनी मांग पूरी होने पर पैसे देने की भी पेशकश की। इस मामले में बलिया के पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बुधवार को बताया कि सोमवार को उनके संज्ञान में यह मामला आने पर उन्होंने निरीक्षक नरेश मलिक को मंगलवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करके मामले की जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि मामले में उभांव थाने के प्रभारी संजय शुक्ला की भूमिका की भी जांच की जा रही है। एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि उत्तरी क्षेत्र के अपर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार शुक्ला को मामले की जांच सौंपी गई है और रिपोर्ट मिलने के बाद दोषी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

180 नाबालिगों के अश्लील वीडियो वायरल करने वाले आरोपी के घर चला बुलडोजर...

दूसरो की जिंदगी उज़ाड़ने वाले का टूटा घर

(यंग भारत न्यूज)

महाराष्ट्र। महाराष्ट्र के अमरावती जिले में एक शख्स ने 180 नाबालिगों के साथ यौन उत्पीड़न कर उनका अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिसके बाद अब प्रशासन ने सख्त एक्शन लेते हुए उसके घर के बाहर एक JCB मशीन (जेसीबी) भेजी गई और उसने एक मंजिला मकान के अवैध हिस्सों को तोड़ दिया।

अमरावती जिले के परातवाड़ा शहर के निवासी मोहम्मद अयाज उर्फ तनवीर पर यौन उत्पीड़न, यौन शोषण और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप है। मौके से मिले वीडियो में जेसीबी मशीन को पहली मंजिल तक जाने के लिए घर के बाहर बनी लोहे की सीढ़ी को तोड़ते हुए देखा जा सकता है। अचलपुर नगर परिषद की एक टीम ने आरोपी के आवास के अवैध ढांचे के खिलाफ कार्रवाई की। भाजपा विधायक प्रवीण तायडे प्रशासन की कार्रवाई का निरीक्षण करने के लिए मौजूद थे। खबरों के मुताबिक, नगर निगम ने अतिक्रमण के संबंध में अयाज़ के परिवार को पहले ही नोटिस जारी कर दिया था। परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। महाराष्ट्र यौन उत्पीड़न मामले के बारे में सब कुछ पुलिस ने शनिवार (11 अप्रैल) को 19 वर्षीय मोहम्मद अयाज़ को लड़कियों को 'प्रेम जाल' में फंसाकर मुंबई और पुणे ले जाने और उनके अश्लील वीडियो बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया। फिर कथित तौर पर इन वीडियो का इस्तेमाल लड़की को ब्लैकमेल करने और उन्हें मजबूर करने के लिए किया गया वेश्यावृत्ति में धकेला गया। रिपोर्ट के अनुसार, अयाज़ की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिसके चलते उसकी गिरफ्तारी हुई। भाजपा सांसद की शिकायत भी दर्ज कराई गई। राज्यसभा सांसद अनिल बोंडे द्वारा पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) विशाल आनंद को सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार, नाबालिगों को व्हाट्सएप और स्नैपचैट समूहों के माध्यम से सुनियोजित तरीके से निशाना बनाया गया था। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है और सबूत जुटाने के लिए उसकी जांच कर रही है।

सस्पेंस खत्म! मुरादाबाद में आजम खान की 'बेटी' की एंट्री, क्या 2027 के लिए बिछ गई सियासी बिसात?

(यंग भारत न्यूज)

मुरादाबाद। डा. भीमराव आंबेडकर जयंती के कार्यक्रम में कई गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंचीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव नेता मोहम्मद आजम खां की मुंहबोली बेटी एकता कौशिक की सक्रियता ने शहर की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी है। कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी को सिर्फ एक औपचारिक भागीदारी नहीं, बल्कि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले सियासी दस्तक के तौर पर देखा जा रहा है। खास बात यह है कि इससे पहले एकता कौशिक इंटरनेट मीडिया पर मुरादाबाद आना अच्छा लगता है पोस्ट लिखकर भी जिले की सियासत में दस्तक देने का संकेत दे चुकी हैं, जिससे अब उनके इरादों को लेकर अटकलें और तेज हो गई हैं।

मंगलवार को आंबेडकर जयंती के मौके पर जिस तरह से एकता कौशिक काफिले के साथ शहर पहुंचीं और स्थानीय कार्यक्रमों में सक्रिय नजर आईं, उसने साफ कर दिया कि उनकी मौजूदगी अब नियमित होने वाली है। सपा के स्थानीय नेताओं के बीच भी यह चर्चा है कि वह मुरादाबाद नगर सीट से सियासी पारी शुरू करने की तैयारी में हैं। इसी उद्देश्य से यहां लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहती हैं। उन्होंने कई नेताओं से यह भी कहा है कि उन्हें शहर के अधिक से अधिक कार्यक्रमों में शामिल कराया जाए, ताकि वह स्थानीय स्तर पर अपनी पहचान मजबूत कर सकें। एकता कौशिक की इस सक्रियता को उनके आजम खां से करीबी रिश्ते के बिना नहीं देखा जा रहा। उन्हें आजम खां की मुंहबोली बेटी के रूप में जाना जाता है और यह रिश्ता उनकी सबसे बड़ी सियासी ताकत माना जा रहा है। पिछले साल आजम खां पर आयकर विभाग की कार्रवाई के दौरान उनके गाजियाबाद स्थित घर पर भी छापेमारी हुई थी, तब आजम खां ने खुलकर कहा था कि क्या ये गुनाह है कि वो मेरी बेटी है। इस बयान ने दोनों के रिश्ते को सार्वजनिक रूप से मजबूत किया और राजनीतिक पहचान भी दी थी। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले रामपुर सीट से उनके चुनाव लड़ने की चर्चा हुई थी, लेकिन वह योजना आगे नहीं बढ़ सकी। अब मुरादाबाद में उनकी सक्रियता को उनके सियासी करियर की नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। कुल मिलाकर, आंबेडकर जयंती के मंच से लेकर इंटरनेट मीडिया पोस्ट तक, एकता कौशिक के हर कदम को अब सियासी नजरिए से देखा जा रहा है। मुरादाबाद की सियासत में यह नई हलचल आने वाले समय में किस दिशा में जाएगी, यह तो वक्त बताएगा, लेकिन इतना तय है कि 2027 के चुनाव से पहले यहां नई बिसात बिछनी शुरू हो चुकी है।

सपा के लिए मुस्लिमों को साधना बनेगा चुनौती

मुरादाबाद शहर विधानसभा सीट पर अब तक सपा मुस्लिम प्रत्याशी उतारती रही है, लेकिन बदलते चुनावी समीकरणों के बीच अब पार्टी नए प्रयोग पर भी विचार कर रही है। 2024 लोकसभा चुनाव में रूचि वीरा के सांसद चुने जाने के बाद यह चर्चा तेज हुई कि जहां मुस्लिम प्रत्याशी कम अंतर से हारते हैं, वहां गैर-मुस्लिम चेहरे को उतारने से जीत की संभावना बढ़ सकती है। ऐसे में एकता कौशिक का नाम एक संभावित विकल्प के तौर पर हो सकता है, जो गैर-मुस्लिम होते हुए भी आजम खां के प्रभाव के कारण मुस्लिम वोटरों तक पहुंच बना सकती हैं हालांकि, यह रणनीति सपा के लिए चुनौतीपूर्ण भी हो सकती है। पार्टी को अपने पारंपरिक मुस्लिम वोट बैंक को साधने के साथ-साथ नए सामाजिक समीकरण भी बनाने होंगे। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अगर संतुलन नहीं बना तो अन्य दल मुस्लिम वोटों में सेंधमारी कर सकते हैं। एकता की एंट्री से शहर सीट पर पहले से सक्रिय दावेदारों के बीच भी हलचल बढ़ गई है। पूर्व विधायक यूसुफ अंसारी को प्रबल दावेदार माना जा रहा है, जबकि अंसारी समाज से जुड़े कई अन्य नेता भी टिकट की दौड़ में शामिल हैं। ऐसे में एकता कौशिक की एंट्री ने सपा के भीतर प्रतिस्पर्धा को और तेज कर दिया है।

अमरावती MMS कांड का खौफनाक सच : 180 लड़कियां और 350 वीडियो, अयान के बाद गिरफ्तार हुए दूसरे आरोपी ने उगले कई राज

(यंग भारत न्यूज)

अमरावती जिले के परतवाड़ा और अचलपुर इलाके से शुरू हुआ 'यौन शोषण और MMS कांड' अब पूरे राज्य के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है. इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अयान अहमद के बाद अब दूसरे बड़े खिलाड़ी उजेर खान को भी सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है.

जांच में खुलासा हुआ है कि उजेर खान ने ही मुख्य आरोपी अयान के मोबाइल से करीब 350 आपत्तिजनक वीडियो डाउनलोड किए थे और उन्हें सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर वायरल कर दिया. पुलिस के मुताबिक, यह मामला (Amravati MMS Kand) इतना संगीन है कि अब तक 8 पीड़ितों की पहचान हो चुकी है, जबकि आशंका जताई जा रही है कि पीड़ितों की संख्या 100 से पार हो सकती है.इस पूरे कांड का मुख्य आरोपी 19 साल का अयान अहमद तनवीर है, जिसे

पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया था. अयान पर आरोप है कि वह सोशल मीडिया के जरिए नाबालिग लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाता था और फिर उनके साथ शारीरिक संबंध बनाकर गुप्त रूप से वीडियो रिकॉर्ड कर लेता था. इन अश्लील वीडियो के जरिए वह लड़कियों को ब्लैकमेल करता और उनका लगातार यौन शोषण करता रहा.मामले पर पुलिस को शक है कि अयान ने अकेले यह सब नहीं किया बल्कि कोई और भी वीडियो बनाने और लड़कियों को फंसाने में उसकी मदद कर रहा था. फिलहाल अयान 21 अप्रैल तक पुलिस कस्टडी में है और उसका मोबाइल साइबर सेल के पास है, जो डिलीट किए गए डेटा को रिकवर करने की कोशिश कर रही है. पुलिस की दूसरी बड़ी कामयाबी उजेर खान इकबाल खान की गिरफ्तारी है. पुलिस जांच में यह बात साफ हुई है कि उजेर ने अयान के फोन से वीडियो चुराए और उन्हें इंटरनेट पर अपलोड कर दिया. अब पुलिस उजेर से यह पूछताछ कर रही है कि क्या इन वीडियो को किसी पॉर्न साइट पर भी बेचा गया था या इसके पीछे कोई बड़ा रैकेट काम कर रहा है. अमरावती ग्रामीण एसपी विशाल आनंद ने चेतावनी दी है कि जो लोग इन वीडियो को डाउनलोड करके दोबारा शेयर कर रहे हैं, पुलिस उन पर भी कड़ी नजर रख रही है और उनके खिलाफ भी स्वतंत्रदर्ज की जाएगी. अमरावती कांड ने अब राजनीतिक मोड़ भी ले लिया है. बीजेपी के राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल बोंडे और प्रवक्ता शिवराय कुलकर्णी ने मामले की एसआईटी (SIT) जांच की मांग की है. महाराष्ट्र सरकार के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि मुख्यमंत्री ने इस मामले का खुद संज्ञान लिया है और दोषियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई होगी जो एक मिसाल बनेगी. हालांकि, इस मामले (Amravati MMS Kand) में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि सामाजिक बदनामी के डर से पीड़ित परिवार सामने आकर औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं करा रहे हैं. पुलिस ने अपील की है कि पीड़ितों की गोपनीयता का पूरा ख्याल रखा जाएगा और उन्हें कानूनी मदद के साथ-साथ मुफ्त काउंसलिंग भी उपलब्ध कराई जाएगी.

हिजाब, नमाज, यौन उत्पीड़न... नासिक TCS में धर्मांतरण की 'लेडी कैप्टन' HR मैनजर निदा खान

(यंग भारत न्यूज)

दिल्ली। नासिक के ञ्जष्टस् के एक बीपीओ ऑफिस में सब कुछ सामान्य दिख रहा था, लेकिन अंदर ही अंदर एक ऐसी कहानी चल रही थी, जिसने पुलिस को भी चौंका दिया। जब सच सामने आया, तो 9 एफआईआर दर्ज हुईं, कई गिरफ्तारियां हुईं और इस पूरे मामले में ।क्रमैनेजर निदा खान सबसे बड़े सवालों के घेरे में आ गईं।

कब हुई जांच की शुरुआत?

शुरुआत फरवरी में हुई एक शिकायत से, जिसमें एक युवती के परिवार ने आरोप लगाया कि उसके व्यवहार में अचानक बदलाव आ गया है। पुलिस को शक हुआ कि मामला सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि कार्यस्थल से जुड़ा हो सकता है। इसके बाद एक गुप्त योजना बनाई गई। पुलिसकर्मियों को हाउसकीपिंग स्टाफ बनाकर बीपीओ यूनिट में भेजा गया। वहां वे रोजमर्रा की गतिविधियों को देखते, लोगों के व्यवहार को समझते और हर

जानकारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाते। धीरे-धीरे जो तस्वीर सामने आई, उसने जांच को एक बड़े मामले में बदल दिया।

निदा खान पर क्यों टिक गई जांच?

जांच के दौरान सामने आया कि ऑफिस में काम करने वाली कई महिलाएं लंबे समय से परेशान थीं। लेकिन उनकी शिकायतें या तो दर्ज नहीं हुईं या उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। यहीं से एचआर मैनेजर निदा खान की भूमिका पर सवाल उठने लगे। उनकी जिम्मेदारी थी कि कर्मचारियों की शिकायतों को गंभीरता से लें और कार्रवाई करें। आरोप है कि उन्होंने न सिर्फ शिकायतों को नजरअंदाज किया, बल्कि कुछ मामलों में महिलाओं को चुप रहने के लिए भी कहा गया। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि क्या उन्होंने जानबूझकर आरोपियों को बचाने में भूमिका निभाई।

एक-एक कर खुलते गए राज

मार्च में पहली एफआईआर दर्ज हुई, जिसमें दानिश शेख पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगा। इसके बाद जांच आगे बढ़ी और कई और महिलाएं सामने आईं। 26 मार्च से 3 अप्रैल के बीच कुल 9 एफआईआर दर्ज की गईं। इनमें दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न, पीछा करना और धार्मिक दबाव जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, कई मामलों में महिलाओं ने आरोप लगाया कि अगर वे विरोध करती थीं, तो उन पर काम का दबाव बढ़ा दिया जाता था। जांच के दौरान पुलिस को 78 ईमेल, चैट रिकॉर्ड और कॉल डिटेल्स मिलीं। इनसे पता चला कि शिकायतों की जानकारी एचआर तक पहुंच रही थी। निदा खान की कॉल डिटेल्स में भी आरोपियों से कई बार बातचीत सामने आई है। पुलिस अब उनके बैंक खातों की भी जांच कर रही है, ताकि किसी तरह के लेन-देन का पता लगाया जा सके। SIT का मानना है कि ये सबूत इस बात की ओर इशारा करते हैं कि मामला सिर्फ व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सिस्टम की विफलता भी हो सकता है।

कितने लोगों की हुई गिरफ्तारी ?

अब तक इस मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें निदा खान भी शामिल हैं। उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या यह मामला किसी बड़े नेटवर्क से जुड़ा है। हालांकि, अभी तक किसी संगठित साजिश के सबूत नहीं मिले हैं। इस पूरे मामले ने कार्यस्थल की सुरक्षा और नियमों के पालन पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। टीसीएस ने इस मामले में सभी आरोपित कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है और कहा है कि वह इस मामले में 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर काम कर रही है। वहीं, बचाव पक्ष का कहना है कि आरोपों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है और सामान्य बातचीत को गलत तरीके से अपराध बताया जा रहा है।

अब क्या आगे?

नासिक बीपीओ केस अभी पूरी तरह खुला नहीं है। हर दिन जांच में नई जानकारी सामने आ रही है। एसआईटी अब यह जानने की कोशिश कर रही है कि क्या शिकायतों को लंबे समय तक दबाया गया और इसमें किन-किन लोगों की भूमिका थी। फिलहाल, इस पूरे मामले की सबसे अहम कड़ी बनी हुई हैं निदा खान, जिनकी भूमिका तय करेगी कि यह सिर्फ लापरवाही थी या कुछ और बड़ा।

चीनी टैंकर होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी तोड़ने में नाकाम

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी प्रतिबंध झेल रहा टैंकर रिच स्टैरी बुधवार को फिर से होर्मुज पर अमेरिकी नाकाबंदी नहीं तोड़ पाया। यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हमरियाह पोर्ट से चला था। वहां से इसने करीब 2.5 लाख बैरल मेथेनॉल लोड किया था।

यह टैंकर खाड़ी से निकलने की कोशिश कर रहा था। लेकिन होर्मुज के आगे अमेरिकी नाकाबंदी की वजह से इसे वापस लौटना पड़ा। इससे पहले भी इस टैंकर ने मंगलवार को होर्मुज पार करने की कोशिश की थी। रॉयटर्स के मुताबिक एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि मंगलवार को अमेरिकी युद्धपोत ने दो तेल टैंकरों को रोक दिया, जो ओमान की खाड़ी में स्थित ईरान के चाबहार बंदरगाह से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे। रिच स्टैरी और इसकी मालिक कंपनी शंघाई जुआनरन शिपिंग को. पर अमेरिका ने 2023 से प्रतिबंध लगा रखा है, क्योंकि वे ईरान के साथ व्यापार कर रहे थे। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने कहा है कि ईरानी तेल की बिक्री के लिए दी गई अस्थायी छूट अब कुछ दिनों में खत्म हो जाएगी और इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। यूरोपीय देश युद्ध के बाद होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही फिर से सामान्य करने के लिए एक बड़े अंतरराष्ट्रीय गठबंधन की योजना बना रहे हैं। खास बात यह है कि इस प्रस्तावित मिशन में अमेरिका को शामिल नहीं किया गया है। कनाडा ने लेबनान के लिए 40 मिलियन डॉलर (करीब 330 करोड़ रुपए) की मदद का ऐलान किया है। यह मदद अंतरराष्ट्रीय संगठनों के जरिए पहुंचाई जाएगी। हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसके लड़ाकों ने पिछले 24 घंटों में 34 सैन्य हमले किए हैं। संगठन के मुताबिक, इन हमलों में इजराइल की बस्तियों, सैनिक जमावड़ों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ बातचीत अगले 2 दिनों में फिर से शुरू हो सकती है अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि चीन के जहाजों को हॉर्मुज से गुजरकर ईरान का तेल लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। पत्रकारों से बात करते हुए बेसेंट ने साफ कहा कि अमेरिका की कार्रवाई का मकसद यही है कि चीन इस अहम समुद्री रास्ते के जरिए ईरान का कच्चा तेल न ले सके। हॉर्मुज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल आपूर्ति रास्तों में से एक माना जाता है। मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा है कि उनका देश युद्ध नहीं, बल्कि बातचीत चाहता है।

सूर्यकुमार ने 2714 गेंदों में ठोक डाले 4,000 रन, दूसरे नंबर पर गिल

मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 19वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतकीय पारी (56) खेली। यह उनके आईपीएल करियर का 28वां अर्धशतक रहा। इस पारी का 25वां रन बनाते ही उन्होंने आईपीएल में भी 4,000 रन पूरे कर लिए। वह गेंदों के लिहाज से यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे सबसे तेज भारतीय हैं।

आईपीएल में दमखम दिखाने वाले भारतीय बल्लेबाज

सूर्यकुमार यादव : 2,714 गेंद

आईपीएल इतिहास में गेंदों के लिहाज से सबसे तेज 4,000 रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाज मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव हैं। उन्होंने 2,714 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ था। उन्होंने अपने आईपीएल करियर में अब तक 170 मैच खेले हैं, जिसकी 155 पारियों में 34.77 की औसत और 148.77 की स्ट्राइक रेट से 4,417 रन बनाने में सफल रहे हैं। इसमें 2 शतक और 30 अर्धशतक शामिल है। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 103* रन का है।

शुभमन गिल : 2,875 गेंद

सूची में जीटी के कप्तान गिल अब दूसरे पायदान पर आ गए हैं। उन्होंने 2,875 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ है। उन्होंने 2018 में आईपीएल करियर का आगाज करने के बाद से अब तक 121 मैच खेले हैं, जिसकी 118 पारियों में लगभग 40 की औसत और 139.05 की स्ट्राइक रेट से 4,031 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। इसमें 4 शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 129 रन का रहा है।

सुरेश रैना : 2886 गेंद

सूची में चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना तीसरे नंबर पर काबिज हैं। उन्होंने 2,886 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ था। उन्होंने 2008 में अपने आईपीएल करियर का आगाज करने के बाद कुल 205 मैच खेले थे, जिसकी 200 पारियों में 32.51 की औसत और 136.73 की स्ट्राइक रेट से 5,528 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। इसमें 1 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 100* रन का रहा है।

महेंद्र सिंह धोनी : 2887 गेंद

इस सूची में सीएसके के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी चौथे नंबर पर काबिज हैं। उन्होंने 2,887 गेंदों का सामना करते हुए यह आंकड़ा छुआ था। उन्होंने 2008 में अपने आईपीएल करियर का आगाज करने के बाद कुल 278 मैच खेले थे, जिसकी 242 पारियों में 38.30 की औसत और 137.40 की स्ट्राइक रेट से 5,439 रन बनाने में कामयाब रहे हैं। इसमें 24 अर्धशतक शामिल हैं। इस बीच उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 84* रन का रहा है।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
राजस्थान	5	4	1	8
पंजाब	4	3	1	7
बेंगलुरु	4	3	1	6
हैदराबाद	5	2	3	4
दिल्ली	4	2	2	4
गुजरात	4	2	2	4
लखनऊ	4	2	2	4
चेन्नई	5	2	3	4
मुंबई	4	1	3	2
कोलकाता	5	0	4	1

ऑरेंज कैप

हेनरिक क्लासेन
224 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप

प्रसिद्ध कृष्णा
10 विकेट
गुजरात

खबर संक्षेप

ईरानी टीम एशियाई चैंपियंस लीग में खेलने जेद्दा पहुंची

जेद्दा। मध्य पूर्व में चल रहे युद्ध के बीच ईरान के क्लब ट्रैक्टर की टीम सऊदी अरब पहुंच गई है और उसने पुष्टि की है कि वह एएफसी चैंपियंस लीग एलीट के राउंड ऑफ 16 में खेलेगी। अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले के बाद मार्च में पश्चिम एशिया के प्लेऑफ मैच स्थगित कर दिए गए थे। इसके बाद अंतिम 16 के मैचों का कार्यक्रम फिर से तैयार किया गया। ट्रैक्टर की टीम एक लंबी यात्रा के बाद रविवार को जेद्दा पहुंची। वह उत्तर पश्चिमी ईरान में स्थित अपने गृहनगर तबरीज़ से सड़क मार्ग से तुर्की पहुंची और फिर इस्तांबुल से हवाई मार्ग से यहां पहुंची। युद्ध के कारण ईरान की लीग स्थगित कर दी गई थी और ट्रैक्टर की टीम ने 28 फरवरी के बाद से कोई भी प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला है।

पीएसएल ने मुजरबानी पर दो साल का प्रतिबंध लगाया

लाहौर। पाकिस्तान सुपर लीग ने जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया है क्योंकि पीएसएल फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध होने के बावजूद उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में खेलने का विकल्प चुना था। मुजरबानी ने इस्लामाबाद यूनाइटेड के साथ अनुबंध किया था लेकिन आईपीएल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें अपनी टीम में शामिल होने की पेशकश की जिसके बाद उन्होंने पीएसएल से हटने का फैसला किया। पिछले टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले मुजरबानी ने अब तक केकेआर के लिए दो मैच खेले हैं और ईडन गार्डन्स में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ चार विकेट लिए थे।

मैकुलम से मतभेद की खबरों को स्टोक्स ने किया खारिज

लंदन। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने एशेज श्रृंखला के दौरान कोच ब्रेंडन मैकुलम से मतभेद की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि यह कहना बेहद अतिशयोक्तिपूर्ण है। स्टोक्स और मैकुलम 2022 से एक-दूसरे का अच्छा साथ निभा रहे हैं, लेकिन पिछली सर्दियों में ऑस्ट्रेलिया से 4-1 से हारने पर उन्हें गहरा झटका लगा।



हार के बाद दोनों ने एक-दूसरे का समर्थन किया, लेकिन एशेज की समीक्षा से तनाव के संकेत मिले। स्टोक्स संभलकर खेलना चाहते थे जबकि मैकुलम आक्रामक रवैया बरकरार रखना चाहते थे। स्टोक्स ने एक साक्षात्कार में कहा, ''यह कहना कि हम एकमत नहीं थे, मुझे लगता है कि यह एक बहुत बड़ी अतिशयोक्ति है। जब आप किसी और के साथ नेतृत्व की स्थिति में होते हैं और तब अगर कोई यह सोचता है कि आप हमेशा हर बात पर सहमत होंगे तो यह बिल्कुल असंभव है।'' उन्होंने कहा, ''भले ही मेरे और ब्रेंडन के विचार मिलते हैं लेकिन कुछ मामलों में हम अलग भी हैं।

सैमसन ने 48 रन बनाए, अहमद 3 विकेट लेकर बने मैन ऑफ द मैच

नूर के आगे बुझी नाइट राइडर्स की चमक, चेन्नई ने 32 रन से हराया

चेन्नई

स्पिनर नूर अहमद की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को 32 रन से हरा दिया जो पांच मैचों में उसकी चौथी हार है। संजू सैमसन (32 गेंद में 48 रन) और आयुष म्हात्रे (17 गेंद में 38 रन) ने पावरप्ले में चेन्नई को दो विकेट पर 72 रन तक पहुंचा दिया था जिसकी मदद से टीम ने पांच विकेट पर 192 रन बनाये। वहीं केकेआर जवाब में 20 ओवर में सात विकेट पर 160 रन ही बना सके। अफगानिस्तान के स्पिनर नूर ने चार ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लिये। उन्होंने केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे (22 गेंद में 28), रिंकू सिंह (छह) और कैमरन ग्रीन (0) को आउट किया। केकेआर का स्कोर एक समय दो विकेट पर 79 रन था जो छह विकेट पर 90 रन हो गया। बायें हाथ के स्पिनर अकील ने चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। रहाणे और अरघुवंशी (19 गेंद में 27) ने तीसरे विकेट के लिये पांच ओवर में 50 रन की साझेदारी की। दसवें ओवर में रघुवंशी के आउट होने के बाद केकेआर की ओर से कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी। शाहरूख खान की टीम ने पहले पांच मैचों में यह चौथी हार है। वहीं चेन्नई लगातार दो मैच जीतकर अपने अभियान को ढर्रे पर लाती दिख रही है। केकेआर के लिये रोवमैन पॉवेल 22 गेंद में 31 रन बनाकर नाबाद रहे जबकि रमनदीप सिंह ने 23 गेंद में 35 रन बनाये लेकिन तब तक मैच उनकी टीम की जद से बाहर निकल चुका था।

चेन्नई-192/5 (20)

खिलाड़ी	रन
संजू सैमसन बो त्यागी	48
रूतुराज का पॉवेल बो रॉय	7
आयुष का रमनदीप बो अरोड़ा	38
डेवाल्ड का अरोड़ा बो त्यागी	41
सरफराज खान बो नारायण	23
शिवम दुबे नाबाद	13
जैमी ओवर्टन नाबाद	12
अतिरिक्त : 15 रन	
योग : 20 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन	
विकेट पतन : 1-25, 2-72, 3-111, 4-162, 5-171	
गेंदबाजी: अरोड़ा 4-0-55-1, ग्रीन 2-0--30-0, रॉय 3-0-21-1, नारायण 4-0-21-1, चक्रवर्ती 3-0-26-0, त्यागी 4-0-35-2	

कोलकाता-160/7 (20)

खिलाड़ी	रन
फिन एलेन का दुबे बो कम्बोज	1
सुनील का गुरजपनीत बो अहमद	24
रहाणे का गायकवाड़ बो अहमद	28
रघुवंशी का ब्रेविस बो हुसैन	27
रिंकू सिंह का दुबे बो अहमद	6
कैमरन ग्रीन बो अहमद	0
रोवमैन पॉवेल नाबाद	31
रमनदीप का खान बो कम्बोज	35
अनुकूल रॉय नाबाद	1
अतिरिक्त : सात रन	
योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 160 रन	
विकेट पतन : 1-13, 2-29 , 3-79 , 4-85 , 5-85, 6-90 , 7-153	
गेंदबाजी : खलील 3.5-0-24-1, कम्बोज 4-0-32-2, हुसैन 4-0-26-1, अहमद 4-0-21-3, गुरजपनीत 1.1-0-23-0, ओवरटन 3-0-32-0	

रॉयल की आज जायंट्स से होगी पहली भिड़ंत

चेन्नई। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से 15 अप्रैल को चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। आरसीबी ने इस सीजन में अब तक 3 मैच जीते हैं और 1 में शिकस्त झेली है, जबकि एलएसजी ने 2 मुकाबले जीते हैं और 2 में ही हार का सामना किया है। इस मैच में जहां विराट कोहली सहित टीम के अन्य बल्लेबाजों को अपना दमखम दिखाना होगा वहीं ऋषभ पंत की टीम भी पहले मैच में आरसीबी को परास्त करने पूरे जोश के साथ उतरेगी। एलएसजी के खिलाफ आरसीबी का पलड़ा भारी रहा है। दोनों टीमों के बीच आईपीएल के इतिहास में अब तक 6 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 4 मैच में आरसीबी को जीत मिली है और 2 मैच एलएसजी ने अपने नाम किए हैं। इस संस्करण दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला खेला जाएगा। आईपीएल 2025 में दोनों टीम सिर्फ 1 मैच में भिड़ी थी। उस मैच को आरसीबी ने 6 विकेट से जीता था।

आईसीसी

प्लेयर ऑफ द मंथ, सैमसन और अमेलिया केर ने जीता पुरस्कार

नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारतीय क्रिकेट टीम के संजू सैमसन को मार्च महीने के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ घोषित किया है। सैमसन ने टी-20 विश्व कप 2026 की खिताबी जीत वाले अभियान में अहम भूमिका निभाई थी। सैमसन ने अपने साथी खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह और दक्षिण अफ्रीका के कॉनर एस्टरहुइजन को पीछे छोड़ते हुए ये सम्मान हासिल किया है। महिला वर्ग में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर प्लेयर ऑफ द मंथ बनी हैं।

विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रहे थे सैमसन

टी-20 विश्व कप 2026 में सैमसन को शुरुआती मुकाबलों में भारत की प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला था। हालांकि, जब उन्हें चुना गया तो उन्होंने अपने प्रदर्शन से सबका दिल जीता था। इस खिलाड़ी ने 5 मैच की 5 पारियों में 80.25 की उम्दा औसत और 199.37 की स्ट्राइक रेट से 321 रन बनाए थे। मार्च 2026 में उन्होंने 3 पारियों में 137.50 की औसत और 199.27 की शानदार स्ट्राइक रेट से 275 रन बनाए थे।

मुंबई की बड़ी टैंशन

रोहित की हैमस्ट्रिंग की चोट का होगा स्कैन

मुंबई

मुंबई इंडियंस के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा अपनी हैमस्ट्रिंग चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए स्कैन करवाएंगे। अब वीरवार को होने वाले अगले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में उनकी उपलब्धता स्कैन के नतीजों पर निर्भर करेगी। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार 38 वर्षीय रोहित रविवार रात रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर के खिलाफ मुंबई इंडियंस के मैच के दौरान छठे ओवर में चोटिल होने के बाद रिटायर होकर मैदान से बाहर चले गए। रोहित की चोट की सही स्थिति स्कैन के नतीजों से ही साफ हो पाएगी, जिनसे चोट की गंभीरता का पता चलेगा। इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, सिवाय इसके रोहित को हैमस्ट्रिंग की समस्या है।

आरसीबी से मैच में मैदान छोड़कर चले गए थे

मैदान छोड़ने से पहले उन्होंने 13 गेंदों में 19 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और एक छक्का शामिल था। चोटिल होकर रिटायर होने से पहले, उस ओवर की पहली गेंद से पहले मुंबई इंडियंस के फिजियो ने रोहित का इलाज किया था। इलाज के लिए खेल काफी देर तक रुका रहा, जिसके बाद वे दूसरी गेंद का सामना करने के लिए लौटे, लेकिन उन्होंने बस उस गेंद को ब्लॉक किया और चोटिल होकर मैदान से बाहर चले गए।

चोटिल कार्स की जगह मदुशंका सनराइजर्स टीम में

नई दिल्ली। श्रीलंका के तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को चोटिल ब्रायडन कार्स की जगह इंडियन प्रीमियर लीग के बाकी मैचों के लिये सनराइजर्स हैदराबाद टीम में शामिल किया गया है। कार्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ पहले मैच से पूर्व नेट्स पर अभ्यास के दौरान हाथ में चोट लगी थी। आईपीएल के एक बयान के अनुसार वह 75 लाख रूपये में सनराइजर्स से जुड़ेंगे। इससे पहले वह मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा रह चुके हैं।

एशियाई लॉन बाउल्स में भारत को स्वर्ण पदक

नई दिल्ली। दिल्ली के खिलाड़ी नवनीत सिंह ने हाल ही में संपन्न एशियाई लॉन बाउल्स चैंपियनशिप में पुरुष पेयर्स और पुरुष फोर्स (चार खिलाड़ी) स्पर्धाओं में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की। दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम में छह से 12 अप्रैल तक आयोजित टूर्नामेंट में भारत ने पुरुष पेयर्स के फाइनल में हांगकांग को 17-15 से और पुरुष फोर्स के फाइनल में मलेशिया को 19-6 से हराया। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार भारत ने पुरुषों की समग्र चैंपियन ट्रॉफी, समग्र टीम ट्रॉफी और चैलेंज ट्रॉफी जीती।

सिंदरोव ने एक राउंड पहले ही जीता खिताब, अब गुकेश से होगी भिड़ंत

नई दिल्ली

उज़्बेक के ग्रैंडमास्टर 20 वर्षीय जावोखिर सिंदारोव ने 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में एक राउंड पहले ही खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। इस जीत के साथ ही सिंदरोव ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। 13वें राउंड के बाद 9.5 अंकों के साथ शीर्ष पर रहते हुए सिंदारोव ने न केवल टूर्नामेंट **फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट** जीता, बल्कि साल के अंत में होने वाली विश्व शतरंज चैंपियनशिप में मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश को चुनौती देने का अधिकार भी हासिल कर लिया। सिंदरोव की यह जीत कई मायनों में खास है। वह कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र (20 वर्ष) में विजेता बनने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। साथ ही, उन्होंने एक राउंड पहले ही ऐसी अजेय बढ़त बना ली, जिसे कोई अन्य खिलाड़ी पार नहीं कर सका। पूरे टूर्नामेंट में सिंदारोव का दबदबा देखने को मिला और उन्होंने एक भी मुकाबला नहीं गंवाया। 13

राउंड के बाद वह दूसरे स्थान पर रहे नीदरलैंड्स के अनीश गिरी से पूरे 2 अंक आगे रहे, जो उनकी श्रेष्ठता को दर्शाता है। टूर्नामेंट के दौरान सिंदारोव की सबसे अहम जीत 10वें राउंड में आई, जब उन्होंने भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा को हराकर अपनी स्थिति को और मजबूत किया। अब साल के अंत में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में सिंदारोव और गुकेश के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक रहने की उम्मीद है। इसे नई पीढ़ी के दो दिग्गजों की टक्कर माना जा रहा है, क्योंकि गुकेश ने 2024 में चीनी खिलाड़ी को हराकर विश्व खिताब अपने नाम किया था।

टी-20 टीम में आयरलैंड दौरे पर मिल सकता है मौका

भारतीय टीम में शामिल हो सकते हैं वैभव सूर्यवंशी

नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में शानदार प्रदर्शन कर रहे राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को जून में आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम में शामिल किया जा सकता है। महज 15 साल की उम्र में वह भारत के सबसे युवा डेब्यू करने वाले पुरुष खिलाड़ी बन सकते हैं। चयनकर्ता उन्हें इस छोटे दौरे पर मौका देने पर विचार कर रहे हैं, ताकि आगे बड़े दौरे से पहले उन्हें अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिल सके।

शानदार बल्लेबाजी से खींचा चयनकर्ताओं का ध्यान

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, सूर्यवंशी आयरलैंड दौरे के लिए चयन की दौड़ में हैं और चयनकर्ताओं ने कई अन्य खिलाड़ियों के साथ उनका नाम शॉर्टलिस्ट किया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि चयनकर्ता युवा खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जल्द आजमाने के पक्ष में हैं और उन्हें सीमित ओवरों की सीरीज में मौका दिया जा सकता है।आयरलैंड दौरे के बाद जिम्बाब्वे दौरे में भी उन्हें शामिल किया जा सकता है। फिलहाल भारत के लिए सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी के रूप में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है, जिन्होंने 16 साल 205 दिन की उम्र में डेब्यू किया था।

भारत-द. अफ्रीका महिला टी20 सीरीज 17 से

जोहान्सबर्ग। साउथ अफ्रीका ने भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय महिला टीम का ऐलान किया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज टेबोगो मचेके को पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया, जबकि ऑलराउंडर एलिज-मारी मार्क्स को 15 सदस्यीय टीम में वापस बुलाया गया है। दोनों देश 17-27 अप्रैल के बीच पांच टी20 मुकाबलों की सीरीज खेलेंगे। भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 सीरीज के शुरुआती दो मैच 17 और 19 अप्रैल को डरबन में खेले जाने हैं। इसके बाद 22 और 25 अप्रैल को जोहान्सबर्ग अगले दो मुकाबलों की मेजबानी करेगा। सीरीज का अंतिम मैच बेनोनी में 27 अप्रैल को आयोजित होगा।

परदे पर खुलेगी इतिहास में दर्ज सवालों की परत..

मुंबई। फिल्म धुरंधर 2 के बाद संजय दत्त अपनी आगामी फिल्म आखिरी सवाल को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म का मंगलवार को टीजर रिलीज हुआ है। संजय दत्त अभिनीत फिल्म 'आखिरी सवाल' का पहला टीजर 02 अप्रैल को रिलीज हुआ था। इसने फिल्म के प्रति उत्सुकता जगाई। मंगलवार को फिल्म का दूसरा टीजर सामने आया है। इसमें इतिहास की कुछ ऐसी घटनाओं का जिक्र देखने को मिलेगा, जिन पर ज्यादा बात नहीं होती है। मेकर्स का दावा है कि फिल्म के जरिए वे सवाल भी सामने आएंगे, जिन्हें अभी तक कोई नहीं पूछता है।फिल्म के टीजर की शुरुआत में लिखा आता है, 'सवाल, जिसे पूछने की हिम्मत अब तक किसी ने नहीं की'।

लाइफ Style

हुमा

सिंगर एड शीरन को सिखाई थी हिंदी

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' की रिलीज की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने अनुराग कश्यप की फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हाल ही में हुमा ने बताया कि कैसे एड शीरन ने यह फिल्म देखी थी और इसकी तारीफ की थी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक बातचीत में हुमा ने फराह खान की पार्टी में एड शीरन से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी। जब मैं एड शीरन से मिली तो पता चला कि उन्होंने 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' देखी है। यह जानकर मैं हैरान रह गई थी। जब एड शीरन मुंबई में थे, तब फराह खान ने उनके लिए एक पार्टी रखी थी, जहां सभी उनसे मिले थे। मैं उनसे बातचीत करने की कोशिश कर रही थी।

उन्होंने कहा, 'मुझे आपका देश बहुत पसंद है और मैं यहां म्यूजिक पर काम करना चाहूंगा।' उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने एड शीरन को कुछ हिंदी शब्द सिखाने की कोशिश की। उन्होंने कहा, 'अगर आप और भी दिलचस्प भाषा सीखना चाहते हैं, तो आपको हमारी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जरूर देखनी चाहिए।' वह रुक गए और पूछा, 'क्या आप उस फिल्म में थीं?' मैंने कहा, 'हां।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी-अभी वह फिल्म देखी है। मुझे यह बहुत पसंद आई। यह सच में एक जबरदस्त फिल्म है।' मुझे लगा कि यह मेरे लिए एक बहुत ही शानदार पल था।' अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' दो हिस्सों में बनी है।



हॉलीवुड मसाला

सामने आया जुमांजी के तीसरे पार्ट का टाइटल

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की पॉपुलर एक्शन-एडवेंचर फ्रेंचाइजी 'जुमांजी के तीसरे पार्ट का ऑफिशियल टाइटल सामने आ गया है। जुमांजी के तीसरे पार्ट की घोषणा लॉस एंजेलिस में नहीं, बल्कि लास वेगास में हुए सोनी के सिनेमाकॉन इवेंट के दौरान की गई, जहां फिल्म की पहली झलक और ट्रेलर भी दिखाया गया। इस खास मौके पर केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक खुद मौजूद थे। केविन हार्ट, ड्वेन जॉनसन और जैक ब्लैक स्टारर इस फिल्म का नाम 'जुमांजीः ओपन वर्ल्ड' होगा। फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें कैरन गिलन भी अहम भूमिका निभाती नजर आएंगी।

टीवी पर्सनालिटी को हुआ प्यार; इश्क का किया इजहार

लॉस एंजिल्स। 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप की जिंदगी में प्यार की बहार आ गई। जबकि इन दिनों वह कैंसर की बीमारी से भी जंग लड़ रही हैं। हाल ही में अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर टेडी मेलनकैंप ने खुलकर बात की। कोई प्यार करने वाला साथ हो तो जिंदगी की मुश्किल डगर भी आसानी से पार हो जाती है। यह बात 'द रियल हाउसवाइव्स ऑफ बेवर्ली हिल्स' फेमस टीवी पर्सनालिटी टेडी मेलनकैंप पर सटीक बैठती हैं। इन दिनों वह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जूझ रही है, इलाज के दौरान ही उनकी जिंदगी में प्यार की दस्तक भी हुई है। अपनी डेटिंग लाइफ और नए पार्टनर को लेकर टेडी मेलनकैंप से हाल ही में फैंस को बताया है।

फिर मोहित के साथ काम करेंगे अहान

मुंबई। पिछले साल आई रोमांटिक फिल्म सैयारा से अहान पांडे रातोंरात युवाओं के बीच की सेंसेशन बन गए। इस सफल फिल्म का निर्देशन मोहित सूरी ने किया था। अब अहान पांडे एक बार फिर मोहित सूरी के साथ एक नई रोमांटिक फिल्म पर काम करने के लिए तैयार हैं। ऐसा होता है तो 'सैयारा' के बाद एक बार फिर मोहित सूरी और अहान पांडे की जोड़ी बड़े पर्दे पर छाने के लिए तैयार है। एक रिपोर्ट के अनुसार, अहान पांडे मोहित सूरी की यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली अगली रोमांटिक ड्रामा फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है, 'मोहित ने अपनी नई फिल्म की कहानी लिख ली थी, जो एक अधेड़ उम्र के लड़के और एक अधेड़ उम्र की लड़की पर आधारित रोमांटिक कॉमेडी है।

कुछ नया देखना चाहते हैं दर्शक : नमित

नई दिल्ली। रणबीर कपूर के प्रमुख भूमिका वाली रामायण फिल्म रिलीज से पहले ही चर्चाओं में हैं। अब नमित मल्होत्रा ने रामायण की तुलना ड्यून पार्ट 3 और द ओडिसी जैसी फिल्मों से की है। 'ड्यूनः पार्ट थ्री' और 'द ओडिसी' जैसी भव्य फिल्मों का जिक्र करते हुए नमित मल्होत्रा ने कहा कि इन फिल्मों को देखते हुए सिनेमाघरों में दर्शक कुछ नया और अलग देखना चाहते हैं। उनकी सोच अब अलग-अलग तरह की कहानियों को देखने के लिए काफी खुली है। मुझे लगता है कि हम सब एक ही तरह की फिल्में काफी देख चुके हैं। लेकिन, अब सवाल यह है कि हम क्या नया ला सकते हैं? लॉस एंजिल्स में सिनेमाकॉन 2026 में बोलते हुए नमित मल्होत्रा ने फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा कि वैश्विक दर्शक कहानियों में नयापन और रोमांच ढूंढ रहे हैं।

टीवी मसाला

स्टार्स सपोर्टिंग कास्ट को देखते तक नहीं, केवल अमिताभ भले

नई दिल्ली। एक्टर राजेश कुमार ने कई टीवी शोज, वेब सीरीज और फिल्मों में काम किया है। वो हर मुद्दे पर खुलकर अपना पक्ष रखते हैं। हाल ही में राजेश ने कहा कि फिल्मों के बड़े स्टार्स अक्सर सपोर्टिंग एक्टर्स को लेकर भेदभाव करते हैं। राजेश कुमार को पहली बार 'साराभाई वर्सेज साराभाई' से प्रसिद्धि मिली, लेकिन उस शो के बाद से दो दशकों में, वह 'बा बहू और बेबी', 'नीली छतरी वाले' जैसे शो में दिखाई दिए। 'कोटा फैक्ट्री', 'ये मेरी फैमिली' जैसी वेब सीरीज और 'सैयारा', 'निशांची', 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' जैसी कई फिल्में भी उन्होंने की हैं। एक हालिया बातचीत में राजेश कुमार ने कहा कि अगर आप किसी बड़ी फिल्म के सेट पर जाते हैं, तो किसी सीन पर होने वाली बातचीत सिर्फ 4-5 लोगों तक ही सीमित रहती है। अगर आप किसी बड़े सेट पर जाते हैं, तो सिर्फ 4-5 लोग ही हर बात पर चर्चा कर रहे होते हैं। निर्देशक, कैमरामैन, लीड एक्टर और राइटर। बाकी लोगों के अनुभव, उनकी कोई अहमियत नहीं होती। राजेश ने बताया कि उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ कभी काम नहीं किया, लेकिन उन्होंने सुना है कि दिग्गज एक्टर सहायक कलाकारों के साथ अपने सीन की तैयारी करना पसंद करते हैं, जबकि बाकी स्टार्स के साथ ऐसा नहीं होता। हाल ही में मैंने किसी भी लीड एक्टर को हमारे साथ प्रैक्टिस करते नहीं देखा।

अनीता ने शेयर किया मजेदार वीडियो

नई दिल्ली। अनीता हसनंदानी ने मंगलवार को अपना 45वां जन्मदिन बहुत खुशी और मस्ती के साथ मनाया। अपने जन्मदिन पर अनीता ने अपना एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसके साथ ही एक भावुक नोट भी लिखा है। '45 साल की हो गई हूं और अभी भी भाग रही हूं। कैलोरी से और कभी-कभी अपने ही केक से। लेकिन सच कहूं तो, अगर यह केक मेरा पीछा कर रहा है तो शायद इसलिए क्योंकि जीवन इतना मीठा रहा है। मैं हर हंसी, हर सीख और हर पल के लिए बहुत आभारी हूं। अब थोड़ी ज्यादा समझदार, थोड़ी ज्यादा बिंदास और बहुत ज्यादा संतुष्ट हूं।' अनीता को उनके फैंस ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। एक फैन ने लिखा, 'सबसे खूबसूरत आत्मा को बहुत-बहुत मुबारकबाद।' दूसरे ने लिखा, '45 साल की उम्र कभी इतनी मजेदार नहीं लगी।' इसके अलावा कई फैंस ने उनके वीडियो की तारीफ करते हुए लिखा कि वे बहुत प्यारी और ऊर्जा से भरी हुई हैं। अनीता अभी भी टेलीविजन, रियलिटी शो और ब्रांड कामों में सक्रिय हैं। हाल ही में वे 'छोड़ियां चली गांव' रियलिटी शो में नजर आई थीं।



इस बार वायुसेना पर बनेगी बॉर्डर 3 सनी को लेकर बड़ी प्लानिंग ...

मुंबई। सनी देओल और वरुण धवन स्टारर फिल्म 'बॉर्डर 2' ने 450 करोड़ वर्ल्डवाइड की सफल कमाई की और इसी के साथ जेपी फिल्म्स ने अगली फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर करीब 329 करोड़ रुपए पार कमाई करने वाली इस फिल्म को लेकर 1997 में रिलीज पहली 'बॉर्डर' वाला क्रेज दिखा।

'बॉर्डर 3' तक लोगों में रियल-लाइफ हीरोइज्म वाले क्रेज को बरकरार देख प्रोड्यूसर निधि दत्ता ने एक अगली फिल्म को लेकर एक बड़ा प्लान तैयार कर लिया है। इस फिल्म की कहानी में लीड रोल में सनी देओल ही रहेंगे, जिसपर काम शुरू होने की चर्चा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सनी देओल की 'बॉर्डर 3' साल 2027 के सबसे बड़े प्रोजेक्ट्स में से एक साबित होगी। गदर और बॉर्डर फ्रेंचाइजी फिल्मों की तुलना में इस फिल्म में सनी की देशभक्ति वाली इमेज को और बड़ा करने की प्लानिंग की जा रही है। वहीं, जेपी फिल्म्स अब भारतीय वायुसेना पर भी एक नई फिल्म भी शुरू करने जा रहा है। खबर है कि जेपी फिल्म्स अब अपने पारंपरिक वॉर जोन से बाहर निकल कर एक बड़े बजट की फैंटेसी एडवेंचर फ्रेंचाइजी पर भी काम कर रहा है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म बड़े स्तर की होगी। जहां एक तरफ 'बॉर्डर 3' में सनी देओल को लेकर बड़ी प्लानिंग कर ली गई है, वहीं जल्द ही वो नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में अपने 'हनुमान' वाले किरदार से अपनी बिल्कुल अलग छवि बनाने की तैयारी में भी जुटे हैं। यकीनन ये फिल्म उनके कॅरियर का एक नया और दिलचस्प अध्याय होगा। भगवान हनुमान के किरदार में सनी देओल फिल्म के दोनों पार्ट्स में नजर आएंगे। यह प्रोजेक्ट इस स्टूडियो के लिए एक बड़ा बदलाव के तौर पर आ रहा है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म की कहानी और राइटिंग के काम में निधि खुद शामिल हैं, जिसकी शूटिंग देश की अलग-अलग हिस्सों में होनी है। इसी के साथ खबर है कि इस प्रोजेक्ट में भी सनी एक खास कैमियो रोल में नजर आ सकते हैं। वहीं ,निधि दत्ता की बात करें तो उन्होंने 'पलटन' और 'घुड़चढ़ी' जैसी फिल्मों के जरिए अपनी पहचान बनाई। अब उनके कंधों पर 'बॉर्डर' जैसी विरासत को आगे ले जाने का मौका है। कहा जा रहा है कि जेपी फिल्म्स की ओर से 'बॉर्डर 3' की आधिकारिक कास्टिंग अनाउंस अगले कुछ महीनों में होगी।

'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज, दो हसीनाओं के बीच फंसे वरुण

मुंबई। वरुण धवन की आगामी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इसमें एआई का इस्तेमाल देखने को मिला है। वरुण धवन दो-दो हसीनाओं के बीच फंसे दिख रहे हैं। बीते दिनों फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की नई रिलीज डेट का ऐलान किया गया था। पहले जून में रिलीज होने वाली यह फिल्म अब मई के महीने में दस्तक देगी। मंगलवार को फिल्म का फर्स्ट लुक वीडियो सामने आया है। एआई किड्स पिता की जन्मतिथि 24 अप्रैल बताते हैं। बता दें कि वरुण धवन का जन्मदिन इसी दिन होता है। वीडियो में आगे वरुण धवन की एंट्री होती है। उनके किरदार का नाम जैस है। वे हाथों में जयमाला थामे झांकते दिख रहे हैं। आगे मृणाल ठाकुर की झलक देखने को मिली है, जिनके किरदार का नाम बानी है। इसके बाद पूजा हेगड़े की एंट्री होती है और उनके किरदार का नाम प्रीत है। वरुण धवन को बानी और प्रीत दोनों के साथ इश्क फरमाते दिखाया गया है।यह फिल्म 22 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। 'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन वरुण धवन के पिता व दिग्गज निर्देशक डेविड धवन ने किया है। 'मैं तेरा हीरो' और 'जुड़वा 2' के बाद वरुण और डेविड की पिता-पुत्र की जोड़ी की ये तीसरी फिल्म है।

पूरे वीक भरपूर रहेगा मनोरंजन का खेल

थिएटर्स से ओटीटी तक रिलीज होंगी ये नई मूवीज-सीरीज

नई दिल्ली। अप्रैल के तीसरे सप्ताह की शुरुआत से हो गई है। हर वीक की तरह इस बार भी मनोरंजन जगत की लेटेस्ट रिलीज पर सिनेप्रेमियों की नजरें बनी हुई हैं, जिनके जरिए उनका ये हफ्ता भी एंटरटेनमेंट से भरपूर रहेगा।

टोस्टर : अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा की जोड़ी हिट- द फर्स्ट केस के बाद एक बार फिर से सिनेमा जगत में वापसी करने जा रही है। इस बार ये दोनों फिल्म टोस्टर में नजर आने वाले हैं, जिसका ट्रेलर फैंस को काफी पसंद आया है। क्राइम कॉमेडी के तौर पर टोस्टर की रिलीज का हर कोई इंतजार कर रहा है। बता दें कि 15 अप्रैल को ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम की जाएगी।

भूत बंगला : सुपरस्टार अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड मूवी भूत बंगला भी इस सप्ताह में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। निर्देशक प्रियदर्शन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 16 अप्रैल को बड़े पर्दे पर रिलीज की जाएगी। इस फिल्म में अक्षय के अलावा अभिनेता परेश रावल, वामिका गब्बी, राजपाल यादव और तब्बू जैसे कलाकार नजर आएंगे।

मटका किंग : लंबे समय से एक्टर विजय वर्मा की वेब सीरीज मटका किंग की चर्चा चल रही है। हाल ही में इस सीरीज का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज किया गया है और इसके साथ ही इसकी रिलीज डेट भी क्लियर हुई है। जिसके आधार पर 17 अप्रैल को मटका किंग ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।





द ममी : हॉलीवुड की बहुचर्चित फिल्म फ्रेंचाइजी द ममी अब नए अवतार में वापसी करने के लिए तैयार है। निर्देशक ली क्रोनिन के निर्देशन में बनने वाली द ममी को इस वीक 17 अप्रैल यानी शुक्रवार को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना है।

अस्सी : हिंदी सिनेमा के मशहूर निर्देशक अनुभव सिन्हा और एक्ट्रेस तापसी पन्नू की कोर्ट रूम ड्रामा फिल्म अस्सी सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। फिल्म अस्सी को 17 अप्रैल के दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

दो दीवाने शहर में
एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर और एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक पिल्म दो दीवाने शहर में भी इस वीक की अपकमिंग रिलीज की लिस्ट में शुमार है। 17 अप्रैल से ये मूवी भी ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देखने को मिल जाएगी।

यूफोरिया 3 : हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार जैंडाया स्टारर पॉपुलर वेब सीरीज यूफोरिया अपने नए सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। 19 अप्रैल से यूफोरिया का सीजन 3 ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर ऑनलाइन स्ट्रीम कर दिया जाएगा।

मऊरानीपुर विधानसभा में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर गोष्ठी आयोजित

(यंग भारत न्यूज)

झांसी । मऊरानीपुर विधानसभा क्षेत्र में आज डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर एक भव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक एवं महापौर बिहारी लाल आर्य उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम ने सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रदीप पटेल ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात सम्मान समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि बिहारी लाल आर्य ने कहा कि डॉ. आंबेडकर जी ने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने संविधान के माध्यम से सभी को समान अधिकार दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया। बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और शिक्षा का प्रतीक है। उनके विचार आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर एक समतामूलक समाज का निर्माण करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि पवन गौतम ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का जीवन त्याग और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने समाज के हर वर्ग को समान अवसर दिलाने के लिए संघर्ष किया। आज हम सभी की जिम्मेदारी है कि उनके बताए मार्ग पर चलें। समाज में शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। युवाओं को उनके विचारों को अपनाकर आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदीप पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा बाबा साहेब से जुड़े स्थलों को 'पंच तीर्थ' के रूप में विकसित किया गया है। यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। सरकार सामाजिक न्याय और समान अवसर के लिए लगातार कार्य कर रही है। सभी कार्यकर्ताओं को उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज सेवा में योगदान देना चाहिए। मंचासीन रहे पूर्व विधायक प्रागी लाल अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष सहजेंद्र सिंह बघेल, वीरेंद्र नायक, गुड्डी रानी पटेल, मनोज अहिरवार, प्रवेश शर्मा, प्रगति आर्य रहे एवं प्रमुख रूप से उपस्थित रहे अजय राय नोटा, राघवेंद्र बुंदेला रोहित सोनी (मंडल अध्यक्ष नगर), मुकेश पटेल (ग्रामीण मंडल अध्यक्ष), रजनीश कंजर ,संजय गुप्ता , रंजीत भोजवाल बंगरा,संजीव चर्तुवेदी सकरार ,राजेंद्र सिंह (मंडल अध्यक्ष चुरारा), बृजकिशोर पटेल, दिनेश राजपूत, सुधांशु अवस्थी, प्रणव द्विवेदी, सर्वेश राय (प्रधान), शुभम बेध, अनुज मिश्रा, महेश कठेरिया, बृजबिहारी राज, दिनेश गौतम, हरिमोहन दुबे, अजय राजपूत, मोनू मौर्य, आकाश आर्या (पार्षद), नरेश गैस वाले (पार्षद), साकेत वाल्मीकि (पार्षद), बद्री सैन (पार्षद), प्रवीण भदौरिया (पार्षद), करन सिंह अहिरवार (पार्षद), कैलाश श्रीवास, , बाबू, मनोज अहिरवार, खेमचंद्र अहिरवार (पार्षद), जयप्रकाश पाल, अजय श्रीवास, रविकांत आर्या, रामकिशोर आर्या। कार्यक्रम के अंत में लक्ष्मी प्रसाद सुमन (पूर्व प्रधानाचार्य), हरिश्चंद्र गौतम, चतुरलाल सुमन, डॉ. केशव वर्मा, बैजनाथ (अध्यापक), बृजलाल वर्मा, सुशील श्रीवास, रामदास (लेखपाल), कृपा राम वर्मा एवं राजेंद्र राहुल का सम्मान किया गया। अंत में कार्यक्रम का संचालन अभियान के संयोजक एवं जिला महामंत्री डॉ. अनिल राज द्वारा किया गया तथा सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन किया गया।

मुनि श्री 108 विश्रांत सागर जी महाराज ससंघ का धर्म गुरसरांय नगरी में पर मंगल प्रवेश

(यंग भारत न्यूज)

गुरसरांय। आज धर्मनगरी गुरसरांय में आचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 विश्रांत सागर जी मुनिराज ससंघ का गुरसरांय दिगंबर जैन समाज द्वारा भव्य अगवानी की गई। सुबह की बेला में मुनि श्री 108 विश्रांत सागर महाराज ससंघ की दिगंबर जैन समाज द्वारा कॉलेज,कटरा बाजार,मोदी चौराहा,होते हुए श्री नसिया जी जैन मंदिर पर महाराज जी एवं समस्त भक्तों ने भगवान के दर्शन किये। नगर के भक्तों द्वारा जगह-जगह पर रंगोली लगाकर मुनि श्री के पाद प्रक्षालन एवं आरती की गई ।मेन बाजार होते हुए दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में विराग सागर

सभागार पहुंचे ।भक्तों के द्वारा मुनि श्री ससंघ के पाद प्रक्षालन किए गए एवं आचार्य जी का चित्र अनावरण करके मुनि श्री ससंघ को शास्त्र भेंट किऐ ।मुनि श्री ने मुखारविंद से सभी भक्तों को मधुर वाणी से अभिशिंचित किया ।

इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष चक्रेश जैन राजेंद्र कुमार जैन नुनार,रवि जैन,दीपक जैन नुनार,मिलाप जैन नुनार, बॉबी जैन,सक्षम जैन रूपेश जैन,हर्ष जैन, सजल जैन,राहुल जैन नुनार,राजकुमार सिंघई, संजीव जैन अकोढ़ी,शिवम जैन,प्रिंस जैन,विनोद जैन, नरेन्द्र सिंघई एवं टहरौली जैन समाज,चिरगांव जैन समाज, टोडी फतेहपुर जैन समाज से पधारे हुए सभी भक्तों ने मुनि श्री को श्रीफल भेट किया,दिगंबर जैन समाज एवं सभी समुदाय के लोगों ने मुनि श्री की अगवानी में शामिल होकर धर्म लाभ लिया।

शांतिकुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश रथ यात्रा का ग्राम डोडिया में हुआ भव्य स्वागत

(यंग भारत न्यूज)

गुरसरांय। शांतिकुंज हरिद्वार से आई ज्योति कलश रथ यात्रा का ग्राम डोडिया आगमन पर श्रीमती शोभा द्विवेदी राजकुमार द्विवेदी के नेतृत्व में भव्य स्वागत पूजन किया गया शांतिकुंज हरिद्वार की ज्योति कलश रथ यात्रा के टोली नायक दधिबल सिंह ने सभी ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पीढ़ी संस्कार बार बने व्यसन मुक्त भारत हो और भारत की बेटियां सुरक्षित हो और हर क्षेत्र में उन्हें आगे बढ़ाने को प्रोत्साहित करना प्रत्येक माता-पिता का कर्तव्य है और आपसी भाईचारा बनाए रखें स्वयं को बदलें समाज बदलेगा, और हमारा देश विश्व गुरु बनेगा इसके अलावा कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे परिवार के तहसील संयोजक सतीश

चौरसिया एवम् संचालन युवा पीढ़ी के नेता प्रवीण कुमार द्विवेदी ने शिक्षा के साथ यदि अच्छे संस्कार हो तो युवा पीढ़ी का का भविष्य उज्जवल होगा सुंदर शब्दों में समझाया इस मौके पर रथ सारथी सूर्य कुशवाहा अलग प्रकाश शर्मा अवधेश सिंह फौजी रमेश सोनी लालजी खरे शंकर लाल नामदेव भागवत नगरिया प्रमोद वर्मा चंद्रभान साहू हरिकृष्ण पुरोहित अलख शर्मा अवधेश फौजी लालजी खरे रज्जू बिलैया देवेंद्र द्विवेदी रघुवीर द्विवेदी अनु द्विवेदी साबिर खान इंदु खान रामनाथ पाल लखन पाल अखिलेश प्रजापति रामपाल रवि पाल एवं समस्त ग्राम वासियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण योगदान रहा। अंत में दिनेश घोष द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

सूने घर में 60 वर्षीय वृद्धा की चारपाई में मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

घटना के वक्त पति खेत पर गल्ले की कतराई करा रहा था

(यंग भारत न्यूज)

पैलानी/बांदा। पैलानी थाना क्षेत्र के खपटिहा कला गांव के नया डेरा बस्ती में बीती रात्रि को सुदामा पत्नी मातादीन निषाद उम्र 60 वर्ष घर पर अकेली थी सूने घर में देखकर अज्ञात हमलावरों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और फरार हो गए यह घटना मोहल्ले की लड़की पूनम प्रतिदिन की तरह मातादीन के घर पर दूध लेने गई हुई थी जब उसने मंगलवार को सुबह 10:00 बजे दरवाजा खटखटाया तो नहीं खोला पूनम ने बाउंड्री कूद कर देखा तो सुदामा चारपाई पर एक हाथ चारपाई के नीचे व दोनों पैर चारपाई के नीचे लटक रहे थे पूनम ने गर्दन को हिलाया तो गर्दन से खून निकल गया जिससे वह भयभीत हो गई और उसने मोहल्ले में सूचना दी। घटना के समय उसके पति मातादीन जो मरवा हार के अपने खेत मे कतराई कर रहे थे मातादीन जब घर पर आए तो पुलिस को सूचना दी मौके में पहुंचे चौकी इंचार्ज हरिशरण सिंह ने घटनास्थल का जायजा लिया। फारेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच कर साक्ष्य संकलित किया। मातादीन ने बताया कि पति पत्नि व बच्चा तीनो घर पर रहते थे मेरे कोई संतान नहीं है मैं अपने साले देवराज की लड़की संगीता के बच्चे गौरी शंकर को गोद लिए हुए था जिसकी परवसिस मैं करता था सोमवार के दिन बच्चा अपनी मां संगीता के पास चला गया था मातादीन ने बताया मेरे साले की लड़की की शादी मेरे भाई के लड़के अशोक के साथ संगीता की शादी हुई थी जिसका बच्चा मैं गोद ले लिया था मृतक के नाम 13 बीघा जमीन व मातादीन के नाम 12 बीघा जमीन थी मातादीन निषाद चंदवारा के इंटर कॉलेज में चपरासी पद पर नियुक्त थे जो रिटायरमेंट होकर गांव पर किसानी व टेंट की दुकान का काम करते थे वह अपने रिंग पर गेहूं की कतराई के लिए सोमवार की सुबह चले गए थे घर पर केवल पत्नी सुदामा थी सुदामा के साथ हाथापाई भी हुई है जिसमें तीन-चार मीटर की दूरी पर कई जगह चूड़ियां टूटी पड़ी हुई है उसके मुंह और कान से खून भी निकला हुआ है और गले में काले निशान खरोच के व गला दबाने के निशान बने हुए हैं जिससे हत्या की आशंका जताई है कि मेरी पत्नी की हत्या की गई है मृतक के पति मातादीन निषाद ने पुलिस को दी हुई तहरीर में हत्या की आशंका जताई है चौकी इंचार्ज हरिशरण सिंह ने लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।।

AIMIM ने मनाई भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती

(यंग भारत न्यूज)

झांसी आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के बुंदेलखंड अध्यक्ष प्रभारी सैयद सादिक अली की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती कचहरी चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा तालपुरा अंबेडकर चौराहा पर माल्यार्पण कर मनाई उक्त अवसर पर निवर्तमान बुंदेलखंड अध्यक्ष प्रभारी सैयद सादिक अली ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के रचयिता थे बाबा साहब के संविधान ने सबको समानता का अधिकार दिया साथ ही सबको बोलने का अधिकार दिया छोटे बड़े अमीर गरीब

सबको बराबर का हक दिया लेकिन आज वर्तमान सरकार दलित और पिछड़ों को बराबर का हक नहीं दे रही है जिला अध्यक्ष रईस खान ने कहा कि आज हम जो कुछ भी है सब बाबा साहब के संविधान से हैं बाबा साहब के संविधान ने हमें अपनी बात रखने की आजादी दी है लेकिन आज वर्तमान सरकार जातिगत जनगणना ना कराकर दलित और पिछड़ों का हक मारना चाहती है लेकिन मजलिस पार्टी हर हाल में जातिगत जनगणना करा कर रहेगी क्योंकि जब तक जातिगत जनगणना नहीं होगी तब तक जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी नहीं हो सकती। फुरकान खान बुंदेलखंड यूथ अध्यक्ष ने कहा जितने भी सेक्यूलर दल हैं उनका सेकुलर पान उसे वक्त पता चलता है जब किसी विशेष समुदाय पर लिंचिंग जैसे घटनाएं घटित होती हैं तो कोई भी बाबा साहेब के बने हुए संविधान के तहत अपनी बात रखने में सहमत नहीं होता आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सबके हितों की आवाज संविधान के दायरे में उठती है जिला प्रभारी ललितपुर सैयद अतहर अली,नगर अध्यक्ष नवी बक्स बबलू आजाद, युवा जिलाध्यक्ष शाहरुख पठान, युवा महानगर अध्यक्ष रियाज खान, रशीद बाबा विधानसभा अध्यक्ष नदीम रजा आरिफ मंसूरी, जरीफ कुरैशी, विक्की अहिरवार, फरदीन खान, फैजान खान, शरिक (टीपू), अदनान खान, शान शेख, तनवीर बक्श, तसीम बक्श, जमीर खान, जुनैद,राजकुमार, तहसीम, जमीर खान समेत अनेकों मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी सक्रिय के कार्यकर्ताउपस्थित रहे।

स्वस्थ जीवन का आधार यौगिक खेती-राजयोगिनी बी के कविता दीदी जी

(यंग भारत न्यूज)

गुरसरांय। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा गुरसराय के द्वारा तालाब माता मंदिर पर चल रहे 12 ज्योर्तिलिंगम दिव्य दर्शन मेला चैतन्य देवियों की दिव्य झांकी कार्यक्रम के पांचवें दिन में विशेष श्रम त्याग और तपस्या की धनी अन्नदाता किसानों के लिए महासम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम संयोजिका राजयोगिनी बीके कविता दीदी जी ने कहा अपने भारत देश को कृषि प्रधान देश कहा जाता है गांव के किसान सारे विश्व का पेट भरते हैं इसलिए किसानों को अन्नदाता कहा जाता है। अतिथि के रूप में आए मऊरानीपुर से भ्राता सैयद अकरम गुड्डू प्रधान माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विनोद स्वामी , मऊरानीपुर केंद्र प्रभारी बीके चित्रा दीदी जी ने कहा यह झांकी सिर्फ रूप का दर्शन नहीं बल्कि शक्ति और संस्कारों का प्रतीक है। बरुआसागर केंद्र प्रभारी बीके उमा देवी , कानपुर से आए राजयोगी बीके मनोज भाई ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में गढ़वा से रामदास पटेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रामकुमार सिंह परिहार प्रधानाचार्य जैन स्कूल, संत रामपाल सचिव ,चंद्र प्रकाश चौरसिया पूर्व पार्षद ,जगत सिंह राम ,प्रभाव शुक्ला तालाब माता मंदिर समिति, धर्मेंद्र पटेल प्रधान हरदुआ ,राजेंद्र कुमार सोनी प्रबंधक तालाब माता मंदिर ,देशराज भाई तरीचर कला, पहलाद पटेल तरीचर कला ,मऊरानीपुर केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बी के चित्रा दीदी जी, गुरसराय केंद्र प्रभारी राज योगिनी बीके कविता दीदी जी,बरुआसागर केंद्र प्रभारी बी के उमा दीदी , राजयोगी बी के मनोज भाई , चंद्र प्रकाश चौरसिया पूर्व पार्षद जी ,अजय कुमार सेन प्रबंधक, अरुण चतुर्वेदी पत्रकार भाई जी, सुरेंद्र अग्रवाल जी ,अनिल कुमार ,अनु, हीरा सिंह, महेंद्र सिंह पटेल, अखिलेश पिपरैया, पंडित ब्रजकिशोर व्यास ,रमेश मौर्य ,कल्याण पटेल लेखपाल ,अशोक कुमार प्रजापति ,शिवदयाल भाई पटेल ,विनोद साहू, प्रकाश भाई ,तेज सिंह भाई , प्रदीप भाई ,धर्मेंद्र भाई , सीताराम भाई , दयाराम भाई ,सहित नगर के सैकड़ो माताएं बहनें भाई एवं वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

डॉ अम्बेडकर की जयंती पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित

(यंग भारत न्यूज)

झांसी। आज डॉ भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता बाबा साहब जी 135 की जयंती पर खिचड़ी वितरण का एड. अनिकेत चौधरी महानगर अध्यक्ष मुलायम यूथ बिग्रेड झांसी के नेतृत्व में आयोजन कचहरी चौराहे पर किया गया77 जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे अरविंद वशिष्ठ वरिष्ठ सपा नेता, सीताराम कुशवाहा पूर्व प्रत्याशी समाजवादी पार्टी झांसी सदर,एड. नरेन्द्र यादव महानगर उपाध्यक्ष यूथ बिग्रेड, एड. अभय सिंह महानगर सचिव यूथ बिग्रेड, मयंक यादव युवा नेता, फरान अली युवा नेता,सुमित कुमार महानगर सचिव यूथ बिग्रेड, फ़राज़ खान महानगर उपाध्यक्ष यूथ बिग्रेड, चौधरी जाहिद महानगर कोषाध्यक्ष यूथ बिग्रेड, कार्तिक त्यागी महानगर सदस्य यूथ बिग्रेड, जंयत सेन महानगर सदस्य यूथ बिग्रेड, आदि विभिन्न कार्यकर्ता मौजूद रहे

चरका खदान में ट्रैक्टर चालक को अज्ञात ट्रैक्टर ने रौंदा चालाक की मौके पर हुई मौत

(यंग भारत न्यूज)

बबेरू/बांदा। मरका थाना क्षेत्र के चरका खदान में ट्रैक्टर चालक को अज्ञात ट्रैक्टर ने रौंद डाला जिससे ट्रैक्टर चालाक की मौके पर मौत हो गई जिससे घटना को देखते हुवे परिवार में कोहराम मच गया।

फतेहपुर जनपद के राधा नगर थाना क्षेत्र के बलियापुर गांव के रहने वाले सुरेंद्र साहू पुत्र शिव कुमार साहू उम्र करीब 26 वर्ष यह बीती रात्रि अपने ट्रैक्टर मालिक के साथ मरका थाना क्षेत्र के चरका गांव के यमुना नदी खदान पर गया था। तभी लोगों के अनुसार ट्रैक्टर खड़ा करके सड़क के किनारे सो रहा था। तभी कोई अज्ञात ट्रैक्टर ने रौंदते हुए निकल गया, जैसे ही मंगलवार की सुबह लोगों ने देखा तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू सुबह करीब 7:00 बजे लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर द्वारा देखते ही परीक्षण करने के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी जैसे ही परिजनों को हुई तो परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू पहुंचे, और जहां देखा तो पूरे परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। वही मौके पर मरका थाना पुलिस पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। वहीं पुलिस के द्वारा इस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है, जानकारी के अनुसार मृतक की एक पुत्र व एक पुत्री है। वही इस घटना को देखते हुए मृतक की पत्नी ज्योति देवी सहित पूरे परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है।

'प्लास्टिक दैत्यराज को चुनौती - कपड़े के थैलों से जागा जनसंकल्प'

'पुराने कपड़ों के पुनः उपयोग से बना अनोखा मॉडल, पॉलिथीन के खिलाफ जागरूकता का सशक्त अभियान '

(यंग भारत न्यूज)

झांसी। नगर निगम झांसी के निर्देशन में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक अभिनव पहल करते हुए एंटोनी वेस्ट हैंडलिंग सेल लिमिटेड, झांसी एवं जे के टी नेचर केयर ने 'कचरे से सेवा' का अनूठा मॉडल प्रस्तुत किया। जिन पुराने कपड़ों को लोग कचरे में फेंक देते थे, उन्हें अब समाज सेवा और पर्यावरण संरक्षण का माध्यम बनाया गया।

संस्था की अपील पर सैकड़ों लोगों ने पुराने कपड़े दान किए, जिन्हें साफ कर जरूरतमंदों में वितरित किया गया। वहीं, बचे हुए कपड़ों से महिला इकाई ने आकर्षक कपड़े के थैले तैयार किए, जो पुनर्चक्रण और महिला सशक्तिकरण का उत्कृष्ट उदाहरण बने। बस स्टैंड स्थित सब्जी मंडी में इन थैलों का वितरण किया गया। पॉलिथीन का उपयोग कर रहे लोगों से पॉलिथीन लेकर उन्हें निःशुल्क कपड़े के थैले दिए गए और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में 'प्लास्टिक दैत्यराज' की प्रतीकात्मक प्रस्तुति ने लोगों का ध्यान आकर्षित करते हुए प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पहल 'जीरो वेस्ट' की अवधारणा को साकार करती है, जहां कचरा भी संसाधन बन सकता है। संदेश: 'जो कपड़े कल कचरा थे, वही आज जरूरत और पर्यावरण की सुरक्षा बन गए।' इस अवसर पर ब्रहमादीन बंधु सतेंद्र कुमार तिवारी,सपना शुक्ला, पूजा चौधरी,निधि वर्मा, प्रभात यादव, पंकज झा, हेमंत शाक्य आलोक गुप्ता जोनल इंचार्ज, जितेंद्र कुमार,सत्य प्रकाश राजपूत, राहुल राजोरिया, मोइन खान, तोहेब खान, हिमांशु रोहित साहू सत्यम पवन कुशवाहा अरुण कुमार सूरत भारती अभिषेक आनंद धीरज वर्मा आदर्श सूर्यवंशी कबीर साहू।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718